जबलपुर
शनिवार, 6 जुलाई 2024

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## राष्ट्रीय जनता दल के स्थापना दिवस पर लालू का दावा

# मोदी सरकार बहुत कमजोर, अगस्त तक ही चलेगी

एजेंसी ▶▶ पटना

शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस था। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया।

दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। इस दौरान लालू प्रसाद ने कहा कि हम लोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। केंद्र सरकार पर हमला कर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं।

### पुल टूटने की घटना पर आरोप-प्रत्यारोप तेज



**भाजपा ने 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची तेजस्वी बोले**


तेजस्वी यादव ने लालूके बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार 5साल नहीं चलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। थोड़ा और मेहनत करते तो ज़्यादा सीट जीतते। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि हम लोगों को 10 से 12 सीटों पर गलती करके राजद को हराया गया। भाजपा संविधान और आरक्षण विरोधी पार्टी है। जाति आधारित गणना और 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा बढ़ाया। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची। तेजस्वी ने कहा कि 5 लाख नौंकरियां देने का काम किया। 3 लाख नौकरी का प्रावधान फाइल भी बढ़ा दिया था।

### ...तब तेजस्वी ही सड़क निर्माण और भवन निर्माण मंत्री थेः चौधरी




इसमामले को लेकर जेडीयू के भवन निर्माण मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने तेजस्वी प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वे बिहार में सड़क निर्माण और भवन निर्माण मंत्री थे, तब उन्होंने पुल का किसी भी तरह से कोई रखरखाव नहीं किया।

### सरकार में रहते तेजस्वी काम कर रहे थे या मौज ललन सिंह ने पूछा



जेडीयू नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पुल गिरने की घटना को लेकर तेजस्वी पर निशाना साधा। ललन सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव डेढ़ साल तक ग्रामीण विकास मंत्री रहे हैं। तेजस्वी काम कर रहे थे कि मजा कर रहे थे, यह उन्हें बताना चाहिए।

### 18 बनाम 18, चिराग की दो टूक
### तेजस्वी के कार्यकाल में बने थे पुल



बिहार में पिछले 15 दिनों में ही 11 पुल ढह गए हैं। राजनीतिक बयानबाजी चरम पर है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम रहे तेजस्वी को भरोसा दिलाया है कि दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। वे जो लोग ये कह रहे हैं कि एनडीए सरकार लूटने में लगी है। उनसे पूछना चाहूंगा कि ये निर्माण कार्य किसके समय में हुआ? निर्माण उसी समय हुआ है जब ये भी सरकार में थे।

## खबर संक्षेप

### संजय को आप ने बनाया संसदीय दल का अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को पार्टी के संसदीय दल का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने मुझे हमेशा सड़क से संसद तक अपनी आवाज उठाने का मौका दिया है। मैं पार्टी के संसदीय समूह के अध्यक्ष की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। मैं आप का बहुत आभारी हूं।

### टॉयलेट साफ करो नहीं तो फेल कर दूंगीः प्रोफेसर




**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की एक महिला प्रोफेसर छात्रों को कम नंबर देने की धमकी देकर उनसे अपना घरेलू काम कराती थी। यहां तक कि प्रोफेसर छात्रों से टॉयलेट भी साफ कराती थी। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। अब महिला प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है।

### लाश से जेवरात चुराने में दारोगा-चौकी इंचार्ज दोषी




**कानपुर।** यूपी के कानपुर में एक पुलिस इंस्पेक्टर महिला की मौत के बाद उसके शव से सोने के गहने चुराने के मामले में दोषी पाया गया है। इंस्पेक्टर के साथ चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिसकर्मी भी इस घटना में दोषी पाए गए हैं। यहां के नजीराबाद थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज रवि कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों को दोषी माना गया है।

### नोएडा के लॉजिक्स मॉल में आग से हड़कंप



**नोएडा।** नोएडा के लॉजिक्स मॉल में आग लगने की खबर है।पूरे मॉल को खाली कराया गया है। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकलकर्मी पहुंचे हैं और राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया है।अग्निशमन विभाग की 6 से अधिक गाड़ियां मौके पर है। मॉल में धुआं भर गया है, जिसे निकाला जा रहा है।किसी के हताहत होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है।

### कुए में शख्स को निकालने उतरे 4 लोगों की भी मौत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के एक गांव में उस वक्त मातम छह गया, जब गांव के ही कुएं में 5 लोगों की मौत हो गई। कुएं में गिरी लकड़ी को निकालने के लिए एक व्यक्ति कुएं में उतर गया। कुएं से निकल रही जहरीली गैस से उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के लिए पड़ोस में रह रहे 4 लोग उतरे। वहां जहरीली गैस की वजह से उनकी भी मौत हो गई।

## हाथरस हादसे पर फरार बाबा के वकील ने किया खुलासा

### साकार हरि के वकील सिंह ने दी जानकारी

# मुख्य आरोपी मधुकर दिल का मरीज और वह करा रहा इलाज

### हालत सुधरते ही पुलिस और एसआईटी के सामने पेश करेंगे

एजेंसी ▶▶ हाथरस

उत्तर प्रदेश के हाथरस के सिकंदराराऊ में भोले बाबा के सत्संग पर भगदड़ मच गई। इसमें 121 लोगों की जान चली गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इसका मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर है।

यह अभी फरार चल रहा है। इस पर पुलिस ने एक लाख का इनाम घोषित किया है। मामले में साकार हरि ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एपी सिंह को नियुक्त किया है। अधिवक्ता ने कहा कि मुझे एफआईआर की कॉपी मिल गई है। मुझे जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। मुख्य आरोपी अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने कहा कि मधुकर दिल का मरीज है। इस घटना से उनके परिवार के एक सदस्य की मौत भी हो गई है। जब उसकी हालत में सुधार होगा, हम उसे पुलिस और एसआईटी के सामने पेश करेंगे। मधुकर का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। हम न तो कोई अदालती कार्यवाही शुरू करने जा रहे हैं और न ही कुछ करने जा रहे हैं।



**आरोपी पर एक लाख का इनाम**

### आधी रात आश्रम पहुंची पुलिस, साथ में ले गई दो गाड़ियां

जिस आश्रम में नारायण साकार हरि के रुकने की चर्चा है। वहां गुरुवार की आधी रात पुलिस की कुछ गाड़ियां आश्रम पहुंचीं। ये गाड़ियां रात 1 बजे निकलीं। लपुलिस आश्रम से भी दो गाड़ियां साथ ले गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम, साकार विश्व हरि को भी अपने साथ ले गई है। हालांकि पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। रात करीब 10 बजे बाबा के अधिवक्ता सिंह ने पत्रकारों से वार्ता की थी।

### फिलहाल, पुलिस कुछ कहने से बच रही

लगभग एक घंटे तक अंदर रहने के बाद एक बजे के आस पास ये गाड़ियां आश्रम से बाहर निकलीं। लौटते समय आश्रम में खड़ी दो गाड़ियां भी टीम अपने साथ ले गई। इन गाड़ियों में कौन था, ये किसी को पता नहीं है। चर्चा है कि आश्रम से गई गाड़ियों में साकार विश्व हरि भी आश्रम से चले गए। हालांकि इसकी पुष्टि अभी पुलिस भी नहीं कर रही है। कुछ लोगों का कहना है कि एसटीएफ आगरा की टीम आश्रम में आई थी। कुछ लोग एसआईटी आने की बात कह रहे हैं।

### एसआईटी ने सौंपी हादसे की जांच रिपोर्ट
### डीएम-एसएसपी सहित 100 लोगों के लिए बयान

**लखनऊ।** अब इस मामले में एसआईटी ने शासन को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। सीएम ने 24 घंटे में ही जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था, लेकिन राहत और बचाव कार्य के अलावा सीएम के हाथरस दौरे की वजह से एसआईटी ने अतिरिक्त समय की मांग की थी। वहीं अब एसआईटी ने शुक्रवार को जांच रिपोर्ट सौंपी है। एडीजी आगरा व अलीगढ़ कमिश्नर के नेतृत्व में इस हादसे की जांच की जा रही है। डीएम-एसएसपी सहित 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ व मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी का जिम्मा देते हुए 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की गई।



#### एसआईटी ने बताई हादसे की वजह

एसआईटी ने आयोजकों की बड़ी लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। इसमें प्रॉपर इंतजाम न करना और हादसे के बाद भी उसको छिपाने जैसी बातों का जिक्र किया गया है।अधिकारियों ने जांच के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय मांगा था।

### पीड़ितों के घर पहुंचे राहुल
### गले लगाकर दी सांत्वना, मुआवजा दे सरकार

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस की भगदड़ में जान गंवाने वाले पीड़ितों के घर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। वो हाथरस में नवीपुर खुर्द, विभव नगर स्थित ग्रीन पार्क पहुंचे। आशा देवी, मुन्नी देवी आ ओमवती के परिवार वालों से मिले। राहुल ने कहा कि यह दुखद हादसा है। काफी लोगों की मृत्यु हुई है। प्रशासन की कमी तो है और भी गलतियां हुई हैं। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दें।



#### संसद में भी उठाएंगे मुद्दा

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि घटना काफी दुखद है। वह इस मामले को संसद में उठाएंगे। मांग करेंगे कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा व न्याय मिले। इस मामले में जो भी दोषी हो, उसे हर हाल में सजा मिलनी चाहिए।

## लुधियाना में कातिलाना हमला

# संदीप जान की भीख मांगते रहे और 'निहंग' काटते रहे





एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। लुधियाना शिवसेना पंजाब के नेता संदीप थापर गोरा पर सिविल अस्पताल के बाहर कातिलाना हमला किया गया। उन पर हमला करने वाले निहंग बताए जा रहे हैं।

दरअसल, हमलावर निहंगों के वेश में आए 4 लोगों ने तेज धार वाले हथियारों से गोरा पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के वक्त संदीप थापर गोरा गनमैन के साथ सिविल अस्पताल में चलने वाले संवेदना ट्रस्ट के प्रधान रविंदर अरोड़ा की पुण्यतिथि समागम में शामिल होने गए थे। उसी दौरान उन पर यह हमला किया गया।

### समागम में माथा टेकने के बाद किया 'गंभीर'

हादसे से कुछ ही समय पहले शिवसेना नेता समागम में माथा टेकने के बाद बाहर निकले थे। इतने में निहंग के वेश में आए चार युवकों ने उन पर तेजधार हथियार से वार कर दिया। गोरा को लहुलुहान हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। उनकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तलवार से जमीन पर गिरने तक किया वार

जब एक का मन भर गया तो दूसरे ने उन पर तलवार से तब तक वार किया, जब तक उनका स्कूटर जमीन पर नहीं गिर गया। इतने से भी आरोपियों का मन नहीं भरा। वे लगातार शिवसेना नेता पर हमला करते रहे और फिर उनकी स्कूटी पर बैठकर दो आरोपी फरार हो गए। हैरानी की बात ये है कि सड़क पर मौजूद लोग तमाशबीन बने देखते रहे।

### बिट्टू बोले- इतना दर्दनाक सीन

रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शिवसेना नेता संदीप थापर पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब में गुंडागर्दी का राज है और कानून व्यवस्था की स्थिति बुरी तरह बिगड़ चुकी है। अब तक इतना दर्दनाक सीन नहीं देखा।


## दिल्ली हाई कोर्ट 17 को करेगी सुनवाई

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर सीबीआई को दिया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले मामले में दाय जमानत याचिक पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

हाईकोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने कोर्ट में दलील दी कि केजरीवाल कोई आतंकवादी नहीं हैं, आम आदमी पार्टी के प्रमुख के भागने का खतरा नहीं है। उन्होंने कहा ईडी द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत



केजरीवाल को मिलने के बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने आदेश में कहा नोटिस स्वीकार कर लिया गया है। याचिकाकर्ता ने सीधे उच्च न्यायालय से संपर्क किया है, बहस के समय इस विवाद पर विचार किया जाएगा।

## प्रभु की रथ यात्रा कल निकलेगी

# भगवान जगन्नाथ 15 दिन के एकांत के बाद आज आएंगे बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिन के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आएंगे।

शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान दर्शन देंगे। दर्शन के लिए दोपहर 2 बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम 4 बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जाएगी।



भगवान को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगेगा। शनिवार को भगवान रात 9 बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 7 जुलाई को प्रभु की रथ यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारूढ़ किया जाएगा।

## सीएम स्टालिन के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में दलील


# शराब पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी नहीं, 10 लाख मुआवजा न दें

एजेंसी ▶▶ कल्लाकुरिची

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पिछले महीने जहरीली शराब पीने से करीब 56 लोगों की मौत हो गई थी। पूरे राज्य में इस त्रासदी को लेकर हाहाकार मच गया था। इस पर भाजपा ने हंगामा भी किया था।

बिगड़ते हालात को देखते हुए सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रऔर अस्पताल में भर्ती लोगों को 50 हजार का मुआवजा देने का ऐलान किया था। अब इस मुआवजे के आदेश को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है।

### कल्लाकुरिची में अवैध शराब से 56 लोगों की मौत



### अवैध शराब पीना गलत

*गौस ने याचिका में कहा कि पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे, जिन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई हो और जिन्होंने जहरीली शराब पीकर एक तरीके से गलत काम ही किया है। अवैध शराब पीना गलत ही था। जहरीली शराब के शिकार लोगों को सिर्फ सांत्वना देनी जानी चाहिए। जिन्होंने अपनी खुशी के लिए गैरकानूनी काम किया है, उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिए।*

## 11 नदियां और इनकी सहायक पूर्वोत्तर में मचा रहीं तबाही!

# उनका बढ़ता जलस्तर होता जा रहा खतरनाक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ दिनों से पूर्वोत्तर के अलग-अलग राज्यों में बारिश और बाढ़ से तबाही मची है। यहां के अलग-अलग हिस्सों में बहने वाली प्रमुख और अन्य सहायक नदियों का जलस्तर हर घंटे बढ़ता जा रहा है।

केंद्र सरकार को भेजी रिपोर्ट के मुताबिक वहां की 11 नदियां ऐसी हैं, जिसमें जलस्तर न सिर्फ खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है बल्कि बढ़ रहे पानी से स्थिति बेहद नाजुक भी बताई जा रही है। केंद्र ने इन हालातों से निपटने के लिए एनडीआरएफ समेत अन्य एर्जेसियों को अलर्ट कर मौके पर भी भेजा है।

### पूर्वोत्तर के अलग-अलग राज्यों में बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त



#### नदियों में बाढ़ के हालात

*लगातार बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बीते 48 घंटे के भीतर ब्रह्मपुत्र, सुबनसिरी, ढलेश्वरी, कटाखल नदी, बारक, बरडेहिंग नदी, कुशियारा, दिखोव नदी, धनसीरी नदी, देसंग नदी, कोपिली समेत बिहार के अररिया से होकर बहने वाली परमन नदी में लगातार जलस्तर बढ़ता जा रहा है।*

**ब्रह्मपुत्र, बरदेही ने असम में बढ़ाई आफत**

असम के मारीगांव जिले के पोलगुरी इलाके में लगातार बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इस इलाके में ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर अपने खतरनाक लेवल से तकरीबन 1 मीटर ऊपर आ चुका है। डिब्रूगढ़ में भी बाढ़ से हालत बदतर हो चुके हैं। यहां पर भी पहले वाली बरदेही नदी का जलस्तर अपने खतरनाक लेवल से ऊपर बह रहा है।

### अन्य नदियां भी खतरनाक लेवल को पार कर चुकीं, सेना तैनात

*केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक असम के धुबरी जिले में ब्रह्मपुत्र नदी लगातार खतरनाक स्तर पर बह रही है। दुबई में ब्रह्मपुत्र अपने खतरनाक स्तर से एक मीटर से ऊपर बढ़ रही है। लखीमपुर में बहने वाली सुबनसिरी नदी बदातीघाट में तबाही मचा रही है। हैलाकंदी जिले के घरमुरा इलाके में ढलेश्वरी नदी की वजह से हालात बेकाबू हो गए हैं। यह खतरनाक लेवल से तकरीबन 4 मीटर ऊपर बह रहा है। मातीजुरी इलाके में भी बहने वाली कटाखल नदी अपने खतरनाक स्तर से तकरीबन 2 मीटर ऊपर बह रही है। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित अधिकारी और एनडीआरएफ समेत अन्य एजेंसियों को मौके पर तैनात किया गया है।*

## हाईकोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को मिले लीव

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

उड़ीसा हाई कोर्ट ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराए की कोख (सरोगेसी) के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को वैसे ही मैटेरनिटी लीव एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को मिला है।

जस्टिस एस के पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने 25 जून को ओडिशा फाइमेंस सर्विस की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह



व्यवस्था दी है।याचिकाकर्ता ने 2020 में इसे लेकर याचिका दायर की थी। जेना सरोगेसी के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके बड़े अफसरों ने 180 दिन की मैटेरनिटी लीव देने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने सरकार के विरुद्ध हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

जबलपुर

शनिवार, 6 जुलाई 2024

- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-1
- वर्ष : 19, अंक : 67
- पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम

अधि. 29

न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## चुनाव के बाद भाजपा का बड़ा फैसला



# मप्र, बिहार समेत 24 राज्यों के संगठन में किया बदलाव

### डॉ. महेंद्र सिंह मप्र भाजपा के प्रभारी, सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में मनमुताबिक नतीजे नहीं आने के बाद भाजपा ने अपने संगठन में बदलाव किया है। पार्टी ने देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए हैं। डॉ. महेंद्र सिंह (एमएलसी) को मध्य प्रदेश भाजपा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सतीश उपाध्याय सह प्रभारी बनाए गए हैं।

### केरल में जावेड़कर संभालेंगे जिम्मेदारी

*कर्नाटक में राधा मोहन दास अग्रवाल को जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा केरल की जिम्मेदारी प्रकाश जावड़ेकर को मिली है। पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा ने पिछले 10 साल में काफी बढ़त ली है। इसी कवायद में भाजपा ने मणिपुर की जिम्मेदारी अजीत गोपछड़े को दी है। जबकि, मिजोरम की जिम्मेदारी देवेश कुमार के पास है। नगालैंड के लिए केरल से भाजपा उम्मीदवार रहे अनिल एंटनी को चुना है।*

## प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त

# ब्रिटेन के चुनाव में लेबर पार्टी 400 पार, कीर स्टार्मर होंगे नए प्रधानमंत्री

## पीएम मोदी ने स्टार्मर को दी विजय की बधाई

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की सियासत में बड़ा बदलाव हुआ है। बीते दिन संपन्न हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार हुई है। इस चुनाव में कीर स्टारमर की विपक्षी लेबर ने प्रचंड जनादेश हासिल किया है। 650 सीटों वाली ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में लेबर ने 400 से ज्यादा सीटें जीत ली हैं।

दूसरी ओर कंजर्वेटिव पार्टी को महज 115 सीटों के आसपास है। यहां 650 में से अधिकतर सीटों की गिनती पूरी हो गई है।

### कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद सत्ता से बाहर





**392 दलों ने लड़ा था चुनाव:** यूनाईटेड किंगडम (यूके) का आम चुनाव 4 जुलाई 2024 को हुआ। 6.7 करोड़ की आबादी वाले देश में मतदान केंद्रों में लोगों ने स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक मतदान किया। यूके के इस चुनाव के लिए कुल 392 पार्टियां पंजीकृत हैं।

### कौन हैं कीर स्टार्मर?

#### छोटे से कस्बे में पले-बढ़े, पिता कारीगर थे

*वे विपक्षी दल लेबर के अध्यक्ष हैं। पेशे से वकील कीर स्टार्मर मुख्य अभियोक्ता रह चुके हैं। लेबर पार्टी के अनुसार, उनका पूरा करियर जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने के लिए रहा है। स्टार्मर पूर्वी इंग्लैंड के सरी में ऑक्सटेड नामक एक छोटे से शहर में पले-बढ़े। उनके पिता एक कारखाने में कारीगर के रूप में काम करते थे और उनकी मां अस्पताल में एक नर्स थीं। कीर ने अपने बचपन का ज्यादातर समय अपनी मां को अस्पताल जाते हुए देखा, जहां उनके पिता हमेशा उनके साथ रहते थे। कीर स्टार्मर विश्वविद्यालय से स्नातक होने के बाद एक वेश्यालय के ऊपर बने एक गोलाकार बिस्तर पर रहते थे। कीर स्टार्मर पहली बार 2015 में 52 साल की उम्र में संसद के लिए चुने गए। इस चुनाव में स्टार्मर ने सुनक को कैसे टक्कर दी है?*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एयरटेल के 37.5 करोड़ ग्राहकों का डेटा लीक!




**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों के डेटा लीक की खबरों चल रही हैं। टेलिकॉम कंपनी ने इसका खंडन किया है जिनमें यह कहा गया था कि एयरटेल के करीब 37.5 करोड़ ग्राहकों की डिटेल हैक कर ली गईं। ग्राहकों के फोन नंबर, ईमेल एड्रेस, आधार नंबर जैसी जानकारी डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।

### यात्री से रिश्वत लेते टीटीई का वीडियो अपलोड, सस्पेंड



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में पदस्थ एक टीटीई का यात्री से रुपए लेते वीडियो सामने आया है। डीआरएम ने उसे सस्पेंड कर दिया है। टीटीई का नाम नागेंद्र कुमार है, जो स्लीपर में यात्री को सीट देने के लिए 200 रुपए ले रहा था। रेल मदद एप पर इस वीडियो को अपलोड किया गया है।

### दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लॉन्च



**पुणे।** बजाज ऑटो की पहली सीएनजी बाइक फ्रीडम का लॉन्च शुक्रवार को पुणे में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुआ। बजाज फ्रीडम दुनिया की पहली सीएनजी बाइक है। एक्स शोरूम कीमत 95,000 रुपए रखी गई है। दावा है कि 1 किलो सीएनजी पर 102 किमी व 1 लीटर पेट्रोल पर 67 किमी का माइलेज होगा।

## सीएम डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, लाड़ली बहना योजना व पीएम उज्ज्वला योजना की सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की

# 10 किमी दूर से होंगे भगवान भोलेनाथ के दर्शन सदाशिव प्रतिमा का सीएम ने किया 'लोकार्पण'



संत श्री रविशंकर महाराज (रावतपुरा सरकार) ने करीब ढाई साल पहले शिव प्रतिमा का निर्माण शुरू कराया था

### यहां मां शारदा पहाड़ी पर पिछले 8 वर्ष पहले सामाजिक महाकुंभ का आयोजन रावतपुरा सरकार के द्वारा किया गया था। इसके बाद यहां पर करीब 2 लाख पेड़ लगाए जा चुके हैं।

करीब 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा बनाई गई

प्रतिमा निर्माण के पहले 8 वर्ष पूर्व से ही इस पहाड़ी पर पौधे लगाए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

**मां शारदा पहाड़ी को धार्मिक आध्यात्मिक और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा**

जिले की लिधौरा तहसील के ग्राम छिपरी में जो कि रावतपुरा सरकार महाराज का गृह ग्राम भी है, वहां करीब 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा बनाई गई है। जिसका लोकर्पण शुक्रवार किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया सहित केंद्रीय मंत्रियों ने भी शिरकत की। यहां स्थापित की गई शिव प्रतिमा में 45 टन सरिया लगा है। यह अपनी ऊंचाई के कारण 10 किलोमीटर दूर से ही लोगों को नजर आएगी।

### 8 साल पहले हुआ था सामाजिक महाकुंभ

यहां मां शारदा पहाड़ी पर पिछले 8 वर्ष पहले सामाजिक महाकुंभ का आयोजन रविशंकर महाराज के द्वारा किया गया था। इसके बाद यहां पर करीब 2 लाख पेड़ लगाए जा चुके हैं। हर साल बारिश के मौसम में 10 से 12 हजार पेड़ लगाए जा रहे हैं। उस दौरान पूरी पहाड़ी बंजर व वीरान थी। धार्मिक समारोह के बाद उन्होंने पहाड़ी पर पौधरोपण शुरू कराया। हर साल उनके जन्म दिवस पर 5 जुलाई को हजारों की संख्या में पौधे लगाए जाते हैं।

### आश्रम का नाम महर्षि वाल्मीकि भवन

पहाड़ी पर बने रविशंकर महाराज के आश्रम का नाम महर्षि वाल्मीकि भवन रखा गया है। संतों के लिए बनाई गई बिल्डिंग का नाम संत रविदास भवन और पर्यटकों के लिए बने गेस्ट हाउस को निषाद राज भवन नाम दिया गया है। इसके अलावा देवी अहिल्या बाई भवन भी बनाया गया है।

### छिपरी का नाम होगा मातृ धाम

डॉ. यादव ने मंच से छिपरी गांव का नाम बदलकर मातृ धाम करने की घोषणा की। उन्होंने मां शारदा की पहाड़ी को पर्यटन स्थल बनाने और लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योग धंधे स्थापित करने की घोषणा की।

### प्रतिमा निर्माण में करीब 2 करोड़ रु. खर्च हुए

*यहां छिपरी में करीब ढाई साल पहले राजस्थान के मूर्तिकार चंदूलाल वर्मा और शीशराम ने टीम के साथ प्रतिमा का निर्माण शुरू किया था। मूर्तिकार चंदूलाल ने बताया कि अब तक दिल्ली, हरियाणा, पंजाब सहित देश के कई हिस्सों में बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण कर चुके हैं। इसके पहले रावतपुरा धाम में शिव प्रतिमा बनाई थी। मूर्तिकार ने बताया कि 8 फीट नीचे खुदाई के बाद 11 फीट ऊंचा चबूतरा बनाया गया। चबूतरे के ऊपर 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा है। त्रिशूल की लंबाई मिलकर प्रतिमा की ऊंचाई 70 फीट से ज्यादा है। इस प्रतिमा के निर्माण में करीब 2 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। छिपरी में बनाई गई यह 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा बुंदेलखंड की सबसे ऊंची मूर्ति बन गई है। सबसे ऊंची इसलिए क्योंकि प्रतिमा का निर्माण करीब 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर हुआ है। जिसके चलते धरातल से कुल ऊंचाई 161 फिट हो गई है। इसके पहले जैन तीर्थ स्थल पपौरा में भगवान आदिनाथ की 41 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई जा चुकी है। प्रतिमा का निर्माण वर्ष 2017 में राजस्थान के मकराना में हुआ था। यह काले पत्थर से बनी है।*

## सदन में हुआ जमकर हंगामा, कांग्रेस का 'वॉकआउट'



# समूह व एकल नल जल योजनाओं में जहां गड़बड़ी...उसकी होगी जांच

### शुरुआत खुद सत्तापक्ष के सदस्यों ने की, बाद में कांग्रेस ने उसे मुद्दा बना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में नल-जल योजनाओं में अनियमितता के मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। इसकी शुरूआत खुद सत्तापक्ष के सदस्यों ने की, किंतु बाद में कांग्रेस ने उसे मुद्दा बना दिया। कांग्रेस सदस्यों ने समूचे प्रदेश में नल-जल योजनाओं में जांच व कार्रवाई को लेकर सदन से वॉकआउट कर दिया। प्रश्नकाल में 25 में से 11 प्रश्न नल-जल योजनाओं में देरी व गड़बड़ी को लेकर थे।

### विधानसभा अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित

मप्र विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चिकाल तक के लिए स्थगित हो गई। एक जुलाई से लेकर 19 जुलाई तक चलने वाला बजट सत्र महज 5 दिन ही चल पाई। इस दौरान सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तीन लाख 65 हजार रुपए से अधिक का वार्षिक बजट पारित करा लिया। इसके साथ ही साथ 6 विधेयक भी पारित कराया गया। इसके साथ ही साथ ज्यादातर शासकीय कार्य भी निपटा लिया गया।

### भोपाल से वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर जांच कराएंगे

*इस पर पीएचई मंत्री की तरफ से जवाब दे रहे संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय ने आश्वस्त किया कि वे इसकी जांच कराकर सख्त कार्रवाई कराएंगे। जरूरत हुई तो भोपाल से वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर जांच कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर रहे हैं कि वे जिला जल एवं स्वच्छता कमेटी की बैठक बुलाएं। इसे हर महीने आयोजित करें। उन्होंने कहा कि इस योजना में कई जिलों में देरी हुई है, पर प्रधानमंत्री मोदी की 13 लाख करोड़ की देश भर में नल जल योजना मील का पत्थर साबित हो रही हैं।*

## रांची में होगा तीन दिवसीय आयोजन

### संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक 12 से

एजेंसी ▶▶ रांची

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष आगामी 12,13 एवं 14 जुलाई 2024 को झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित हो रही है। मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के पश्चात देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाए गए हैं।



## ईओडब्ल्यू ने लिया एक्शन

### सरकार को 13.86 करोड़ का चूना, 5 अफसरों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की कंस्ट्रक्शन कंसल्टेंसी कंपनी एलएन इन्फ्रा के साथ मिलकर पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने सरकार को 13.86 करोड़ का नुकसान पहुंचाया। ईओडब्ल्यू ने पीडब्ल्यूडी के पांच अधिकारियों पर जालसाजी, कूट रचित दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक षड्यंत्र रचने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया है। मामला जबलपुर के पुल और सड़कों के निर्माण से जुड़ा है। इसमें एलएन इंफ्रा कंपनी को कंसल्टेंट बनाया गया था।



## समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं

### अब फिर से रिव्यू पिटीशन पर होगी 10 को सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। इसमें जस्टिस संजीव खन्ना, हिमा कोहली, बीवी नागरत्ना और पीएस नरसिम्हा शामिल होंगे। पिछले साल नवंबर महीने में याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी।



## दूषित पानी की जताई आशंका

### सागर में उल्टी-दस्त से एक युवक की मौत, 70 भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मेहर गांव में उल्टी-दस्त से एक युवक की मौत हो गई। करीब 250 लोग बीमार हैं। 70 से अधिक लोग जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पताल में भर्ती हैं। कलेक्टर दीपक आर्य नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मैहर पहुंचे, जहां उन्होंने गुरुवार रात उल्टी दस्त से प्रभावित परिवारों से चर्चा की एवं आवश्यक अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजी है। गांव में ही तीन स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं।



## पूरे प्रदेश में मानसून मेहरबान

### भोपाल, डिंडोरी-मंडला में 250 मिमी से अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहा। सतना, सागर, भोपाल, धार, गुना, ग्वालियर, खंडवा, नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, छतरपुर जिले के नौगांव, सिवनी, टीकमगढ़, उमरिया, बालाघाट के मलाजखंड समेत 25 से ज्यादा जिलों में शुक्रवार को भी बारिश हुई। शनिवार को भी 20 से ज्यादा जिलों में बारिश का दौर बना रहेगा। भोपाल, गुना, ग्वालियर में सुबह से ही रुकरुक कर बारिश हो रही है।



## नीट-यूजी विवाद में हलफनामा

# केंद्र सरकार ने कहा-पेपर रद्द करना छात्रों के साथ अन्याय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया सरकार ने अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। सरकार ने हलफनामे में कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है, कई राज्यों में पेपर लीक की शिकायतें आई हैं। लेकिन, परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है। यह होनहार छात्रों के साथ धोखा होगा। सरकार की ओर से शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर वरुण भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। सरकार ने परीक्षा रद्द नहीं किए जाने पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट के 2021 के सचिन कुमार विरूद्ध डीएसएसबी में जारी फैसले का हवाला दिया। सरकार ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक हाई लेवल कमेटी एनटीए को बेहतर बनाने और परीक्षाओं को सही तरीके से कराने के सुझाव देने के संबंध गठित की गई है।

- **जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी, वे परेशान**



### 11 अगस्त को नीट पीजी परीक्षा

इधर, एनटीए ने नीट पीजी 2024 परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। एनटीए के मुताबिक इस परीक्षा का आयोजन 11 अगस्त को आयोजित होगी। यह भी कहा गया कि परीक्षा दो पालियों में किया जाएगा। एनटीए ने एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने के बाद इस एग्जाम की नई तारीख की घोषणा की है। बता दें कि एनटीए ने इससे पहले नीट पीजी के एग्जाम की डेट रद्द कर दी थी। उम्मीदवार नीट पीजी के इस एग्जाम में 23 जून को शामिल होने वाले थे वे एनबीई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नई तारीख के संदर्भ में देख सकते हैं।

## ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी, दिया विजय का मंत्र

# आप सबके दिल में देश और तिरंगा हो, यही 'जीत' का रास्ता

### प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की और उन्हें विजय मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आपके दिल में देश और तिरंगा हो।

यही विजय मंत्र है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिये काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे



भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा

जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत भारत ने सात पदक जीते

### भारतीय दल में 100 खिलाड़ी

भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं






### कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने सुनाई ऋषि चार्वाक द्वारा कही बात

# बजट पर चर्चा... सत्ता पक्ष ने बताई खूबियां विपक्ष बोला- कर्ज लेकर घी पी रही सरकार



## सीतासरन ने तारीफ में हरिभूमि का भी किया जिक्र

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा प्रस्तुत बजट पर गुरुवार को विधानसभा में चर्चा शुरू हुई। भाजपा ने जहां बजट की खूबियां बताई तो विपक्ष ने कहा कि सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। भाजपा के सीतासरण शर्मा ने चर्चा में प्रदेश के प्रमुख दैनिक हरिभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने भी बजट की तारीफ की है, जबकि विपक्ष सिर्फ खामियां निकालने का काम कर रहा है। विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने ऋषि चार्वाक का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष उनका अनुयायी दिखता है और कर्ज लेकर घी पी रहा है। सरकार यह कहावत चरितार्थ कर रही है कि खाओ, पियो और मस्त रहो। सिंह ने सलाह दी कि सरकार को ऋषि चार्वाक के कहे पर नहीं चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले वर्ष 45 हजार करोड़ कर्ज लिया था और इस वर्ष 55 हजार करोड़ लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि बजट में जिन योजनाओं का जिक्र किया है, उन्हें संचालित करने के लिए बजट में किए गए प्रावधान के अलावा 95 हजार करोड़ रुपए की और जरूरत है। सरकार यह कहां से जुटाएगी जबकि केंद्र सरकार और कर्ज लेने की अनुमति नहीं दे रहा है।




### बजट में एक भी टैक्स नहीं लगाया

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और होशंगाबाद से भाजपा विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि बजट को बड़ा सोच-समझकर तैयार किया गया है। सबसे बड़ी बात तो यह कि एक रुपए भी टैक्स नहीं लगाया गया है। वहीं 16 प्रतिशत बजट का आकार बढ़ गया। पत्रकारों और अर्थ शास्त्रियों ने बजट की तारीफ की है। एक विधानसभा में 3 से 4 सीएम राइज स्कूल खोले जाने का प्रावधान है। पीएम श्री एक्सीलेंस कालेज खोले जा रहे है। उन्होंने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि तीर्थदर्शन योजना जो इनकी सरकार ने बंद कर दी थी, उसे हम लोग 6 महीने में 2 बाद हरी झंडी दिखा चुके है। प्लेन से भी तीर्थ यात्रियों को ले जा रहे हैं।

### मप्र का बजट विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूपः विधायक अभिलाष



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व 2024-25 का बजट सर्व-स्पर्शी, सर्व समावेशी एवं प्रदेश के जन-जन और हर क्षेत्र के कल्याण के प्रति समर्पित बजट है। यह बात गुरूवार को सदन में जबलपुर विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय ने आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के दौरान कही। उन्होंने सदन में कहा कि मोहन सरकार का बजट विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकल्प के अनुरूप है। यह बजट मप्र की अग्रणी भूमिका एवं समाज के चार अमृत स्तंभ जिसमें नारी शक्ति, युवा, किसान और गरीब इन्हीं के उत्थान पर केंद्रित है। इस साल का मप्र शासन का कुल बजट 365067 करोड़ है, जो पिछले साल के बजट की तुलना में 50000 करोड़ से भी अधिक है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत-बुहत धन्यवाद।

### अब 2003-04 का रोना बंद करना चाहिएः राजेंद्र

कांग्रेस के राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार आज भी अपने काम की तुलना 2003-04 से करती है, जबकि अब यह रोना बंद करना चाहिए। भाजपा को सत्ता में लगभग 20 साल हो चुके हैं। सिंह ने सुझाव दिया कि सरकार को व्यापार और रोजगार पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अब इन्वेस्टर्स समिट का नाम बदला है, जबकि पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का अनुभव अच्छा नहीं है। जो आंकड़ दिए जाते थे वे अविश्वसनी दिखते थे इसीलिए नतीजे भी अच्छे नही रहे। सिंह ने अन्य कई मुद्दों पर भी बजट की खामियां गिनाईं।

### बजट में आय बढ़ाने पर ध्यान नहींः मिश्रा

इधर, कांग्रेस के विधायक अभय मिश्रा ने बजट का निराशजनक करार देते हुए कहा कि बजट में आय बढ़ाने पर फोकस नहीं किया गया। उद्योग में निवेश इस बार मात्र 38 लाख बढ़ाया गया है। उन्होंने बजट के अलावा रीवा में अपराधिक गतिविधियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रीवा में इस साल 25 हजार अपराध घटित हुए हैं और 5 हजार से ज्यादा अपहरण के केस दर्ज हुए हैं। इधर, कैग की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा कि रीवा में निर्मित हुए पुलों में बड़ा खेल हुआ है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक मंत्री के संरक्षण में यह हो रहा है। इधर, कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने बजट पर चर्चा के दौरान सदन में कहा कि सुनने में तो बहुत अच्छा लगा है, लेकिन बजट के अंदर आंकड़े की हकीकत का पता चलता है कि बजट की 80 प्रतिशत राशि सरकार ने अपने व्यय के लिए रखी है, उसका जनता से कोई लेना-देना नहीं है।

### बजट अमीरों को अमीर और गरीबों को गरीब बनाने वाला

मनावर से कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यह बजट अमीरों को अमीर और गरीबों को और गरीब बनाने वाला है। एक लाख से ज्यादा इंजीनियर बेरोजगार हैं। बेरोजगारी के कारण लोग गुजरात और महाराष्ट्र पलायन कर रहे हैं। बजट में इनके पलायन रोकने की कोइ योजना नहीं है। कोई परीक्षा देने जाता है तो पीएससी और पटवारी भर्ती में हुए फर्जीवाड़े का पता चलता है। पटवारी घोटाले की जांच सार्वजनिक होनी चाहिए।

### बजट को असंवैधानिक घोषित करता हूं

कांग्रेस के विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि मैं इस बजट को असंवैधानिक घोषित करता हूं। यह 7 करोड़ का बजट बता रहे हैं, लेकिन 6 करोड़ 30 लाख के लिए इसमें कुछ नहीं है। उन्होने मध्यप्रदेश में छात्रवृत्ति के घोटाले होने की बात कही। साथ ही कहा कि छात्रावृत्ति के नाम पर बंदरबांट हो रही है। इसके अलावा खुरई में एक बच्ची से हुई छेड़छाड़ उसके भाई और चाचा की हत्या का मामला उठाया।

---

नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र की घटना सीसीटीवी में कैद

# तनाव के चलते चौथी मंजिल से कूदा सीनियर क्लर्क, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में एक सीनियर क्लर्क ने अपने ऑफिस की चौथी मंजिल से कूद कर खुदकुशी कर ली। जमीन पर टकराकर उसका सिर फट गया और मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में युवक के कूदने का 7 सेकेंड का लाइव वीडियो भी आया है। जिसमें वह रेलिंग को पार करते और कूदते हुए दिखाई दे रहा है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है। युवक की पहचान 35 साल के नरेश साहू के तौर पर हुई है। वह नवा रायपुर के पर्यावास भवन में वरिष्ठ सहायक लेखा के पद पर काम करता था। शुक्रवार को वह रोज की तरह ड्यूटी पर पहुंचा फिर 10 बजकर 40 मिनट पर बाहर निकला। इसके बाद इमारत की चौथी मंजिल के रेलिंग के पास पहुंच गया। गिरने पर चीखने की आई आवाज, जिससे सब उस तरफ भागे।



### सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

चौथे माले पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर साफ दिख रहा है कि नरेश चल कर रेलिंग के पास पहुंचता है और उसे पार करता है। इसके बाद वह छलांग लगा देता है। सिर फटने से नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नरेश गिरने के दौरान जोरदार चीखा भी था। उसके नीचे गिरते ही ग्राउंड फ्लोर में मौजूद लोग हड़बड़ा गए।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

जमीन पर गिरने और खून बहता देख लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची ने पंचनामा कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी भेजा है। हालांकि पुलिस को युवक की जेब से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस युवक के ऑफिस स्टाफ और परिवार से पूछताछ कर रही है। इस हादसे के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### कुछ वर्ष पहले हुआ था विवाद

राखी थाना प्रभारी अजीत सिंह राजपूत से मिली जानकारी के मुताबिक, युवक नवा रायपुर में नौकरी करता था और पचपेड़ी नाका में अपने परिवार के साथ रहता था। 3-4 साल पहले उसकी शादी हुई थी और एक बच्ची भी है। मृतक मूल रूप से सुपेला भिलाई का रहने वाला था। पुलिस को आशंका है कि युवक घरेलू विवाद की वजह से परेशान था।

---

### जहरीली गैस का रिसाव हो सकता है कारण

# अलग-अलग घटनाओं में कुए में उतरे नौ लोग, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कुआं काल बना हुआ है। शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग दो जिलों में कुएं में उतरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। जांजगीर-चांपा में पिता और दो बेटे समेत पांच, तो कोरबा जिले में पिता-पुत्री समेत चार लोगों की मौत हुई है। छत्तीसगढ़ में कुआं काल बना हुआ है। आज शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग दो जिलों में कुएं में उतरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। जांजगीर-चांपा में पिता और दो बेटे समेत पांच, तो कोरबा जिले में पिता-पुत्री समेत चार लोगों की मौत हुई है। इस हादसे के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। दरअसल, बरसात के दिन आने पर कुएं की साफ-सफाई करने के लिए उतरे हुए थे। कुएं में गैस रिसाव के चलते उनकी मौत हो गई, इन्हें बचाने के लिए एक-एक कर उतरे नौ लोगों की मौत हो गई है। जहरीली गैस की वजह से सभी का दम घुटने लगा, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

---

### कॉलोनियों में रहने वालों को देंगे जरूरी सुविधाएं

# प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को नहीं किया जाएगा वैध, बना रहे हैं कड़े नियमः मंत्री विजयवर्गीय

▶ जमीन का विवाद निबटाने कलेक्टरों को देंगे निर्देश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि प्रदेश की अवैध कॉलोनियों को वैध नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस मसले पर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि हालांकि अवैध कॉलोनियों में जो लोग रह रहे हैं, उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना के काम किए जाएंगे और लोगों को मकान बनाने की अनुमिति भी दी जाएगी। विजयवर्गीय बुधवार को विधानसभा में विधायक हरदीप सिंह डंग, राजेंद्र पांडे और सुशील तिवारी के अवैध कॉलोनियों से जुड़े सवालों का जवाब दे रहे थे। विजयवर्गीय ने स्वीकार किया कि इस मसले पर एक नेक्सस काम कर रहा है। इसे रोकने के लिए ही मुख्यमंत्री ने कड़े नियम बनाने के निर्देश दिए हैं। राजस्व और निकायों की जमीन के अधिकार से जुड़े सवाल पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि हम सभी कलेक्टरों को निर्देश दे रहे हैं। वे समय सीमा निर्धारित कर जमीन संबंधी विवादों का निराकरण करेंगे और तय करेंगे कि कौन जमीन राजस्व की है और कौन सी निकायों की।



### वेतन-भत्ते नहीं लेंगे मंत्री चैतन्य काश्यप

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने विधानसभा में अपने एक वक्तव्य में बताया कि इस बार भी वे वेतन और भत्ते नहीं लेंगे। उन्होंने सदन में कहा कि इसके पहले भी वे विधायक थे, तब भी उन्होंने वेतन-भत्ते की राशि नहीं ली थी। वे आर्थिक रूप से सक्षम हैं।

### पीएस करेंगे भोपाल-जबलपुर में बस ठेकेदार को हुए भुगतान की जांच

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि भोपाल और जबलपुर नगर निगम द्वारा चलाई जा रहीं सिटी बसों के मामले में हुई अनियमितता की जांच विभाग के प्रमुख सचिव करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अनियमितता पाई गई तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मामला कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने उठाया। उन्होंने कहा कि भोपाल और जबलपुर के लिए जितनी बसों के टेंडर हुए थे, ठेकेदार ने वे सभी बसें नहीं चलाई गईं। भोपाल में साढ़े 4 सौ में से डेढ़ सौ बसें ही चल रही हैं और जबलपुर में दो सौ की जगह सिर्फ 50 बसें ही चलाई गईं। उन्होंने कहा कि दोनों शहरों के ठेकेदार एक ही हैं, लेकिन अफसर और नेता उन पर मेहरबान हैं। जयवर्धन ने कहा कि ठेकेदार ने पूरी बसें नहीं चलाई बावजूद इसके उसने दोबारा टेंडर निकाला। साल में एक बार भुगतान का प्रावधान है। इसके अलावा ठेकेदार को हर साल 7 करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। इनमें 5 करोड़ भोपाल और 2 करोड़ जबलपुर नगर निगम द्वारा दिए जा रहे हैं। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इसकी जांच पीएस करेंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

# सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंः सीएम

» गृह विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी

» कलेक्टर और एसपी बनाएंगे व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिये गृह विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन आयोजनों में अव्यवस्था या भगदड़ अथवा अन्य दुर्घटनाओं जैसी अप्रिय स्थितियों से निपटने के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और भोपाल-इंदौर के पुलिस आयुक्तों को आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रदेश में समय-समय पर होने वाले विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं वृहद स्तर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों में बेहतर व्यवस्थाएं हो सकेंगी। साथ ही बेहतर प्रबंधन से सम्भावित दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकेगी।

गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि आयोजकों को स्पष्ट व लिखित निर्देश जारी करें। प्रशासन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आयोजन स्थल का भ्रमण करें, परिस्थितियों का आंकलन कर संभावित अव्यवस्थाओं को नियंत्रित करने के लिये सभी प्रबंधन किया जाना सुनिश्चित कराएं। संभावित भगदड़ को रोकने की समुचित व्यवस्था के लिए आगमन और निर्गम के रास्तों की सुव्यवस्थित बैरिकेडिंग कर एवं सुचारू रूप से भीड़ पर समुचित नियंत्रण किया जाए। विपरीत दिशा में लोगों के अचानक बढ़ती भीड़ को रोकने एवं विपरीत दिशाओं में जाती अत्यधिक भीड़ के बीच होने वाले टकराव को रोकने की भी व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल के सभी सकरे प्रवेश एवं निर्गम द्वारों को चिन्हित कर इनसे प्रवेश एवं निर्गम करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियत की जाए। आयोजन स्थल के पास नदी, नाला आदि हो तो वहां सेवादार अथवा पुलिस बल की तैनाती के साथ नाव तथा गोताखोर की व्यवस्था रखी जाए।

### अग्निशमन वाहनों और एम्बुलेंस की व्यस्था

सीएम ने निर्देश दिए कि भक्तों के आने-जाने के लिए पृथक-पृथक मार्ग निर्धारित किए जाएं एवं यथा-संभव महिला-पुरुष के लिए पृथक-पृथक व्यवस्थाएं की जाए। यदि प्रवेश एवं निर्गम के लिए एक ही द्वार हो, तो कार्यक्रम के लिए अस्थाई द्वार बनाने अथवा किसी अन्य व्यवस्था द्वारा संभावित खतरे को कम करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाए। आपात स्थिति में भगदड़ रोकने के लिए आपातकालीन द्वार एवं प्रेशर रिलीज प्वाईन्ट पूर्व से ही चिन्हित कर, उसे आपात स्थिति के दौरान खोलने के लिए प्रक्रिया निर्धारित की जाए। लोगों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, वॉच टावर की व्यवस्था रखी जाए। यातायात प्लान एवं जगह-जगह पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए स्थल निर्धारित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर समुचित बिजली, शुद्ध पेय जल एवं सुलभ शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत एवं पानी की व्यवस्था का अचानक तथा लंबे समय तक ठप होने की स्थिति में वैकल्पिक साधनों जैसे कि जनरेटर, पानी के टेंकर आदि की व्यवस्था की जाए। आयोजन स्थल पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाए साथ ही चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए।

---

### मुख्यमंत्री ने अमरवाड़ा में की सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक

# कांग्रेस सरकार में सीमाओं पर जवान और खेतों में किसान थे परेशानः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के तहत आयोजित विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों की बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने समाज के सभी वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया है। भाजपा सरकारों ने सभी समाज के जननायकों, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, शूरवीरों, महापुरूषों को सम्मान देने का कार्य किया गया है।

समाज के सभी वर्गों के युवाओं, महिलाओं, प्रबुद्धजनों ने भाजपा के प्रति विश्वास जताया है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर मिली विजय सबसे बड़ी विजय है। समाज के सभी वर्गों, बुद्धिजीवियों के आशीर्वाद से भाजपा अमरवाड़ा उपचुनाव में भी ऐतिहासित विजय प्राप्त करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश और मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने वर्षों शासन किया है, लेकिन किसानों, युवाओं, बेरोजगारों और महिलाओं के सम्मान में कोई कार्य नहीं किया। कांग्रेस के शासन में सीमाओं पर जवान और खेतों में किसान दोनों परेशान थे, आज प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना के जवानों और किसानों दोनों का सम्मान बढ़ाया है।



### आदिवासी समाज का कांग्रेस ने हमेशा अपमान किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार ने आदिवासी समाज का हमेशा अपमान किया है, उन्हें सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी दिवस घोषित करने के साथ ही पीएम जन-मन योजना के माध्यम से समाज के लोगों के उत्थान के लिए कार्यक्रम किया है। सागर जिले में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास मंदिर का स्मारक बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में 15 नवंबर को प्रति वर्ष आदिवासी गौरव दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज के सभी वर्गों एवं उनके महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य भारतीय जानता पार्टी की सरकार ने किया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री विरागसागर महाराज की समाधि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गणाचार्य 108 श्री विराग सागर महाराज की महाराष्ट्र के जालना में बुधवार को हुई समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज का जन्म मध्यप्रदेश के दमोह जिले में पथरिया में हुआ था। गणाचार्य विराग सागर जी की समाधि देश के संपूर्ण जैन समाज के साथ ही मध्यप्रदेश वासियों के लिए भी गहरा आघात है। संतों, मुनियों की शिक्षाएं सदैव समाज के लिए उपयोगी होती हैं।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को किया जाए बेनकाब

एजेंसी ▶▶ अस्ताना

भारत ने आतंकियों को पनाह देने व उनको सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को खरी खरी सुनाई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन की एससीओ की बैठक में भारत का प्रतिनिधत्व करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि आतंकवाद से लड़ाई एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है।

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कई मौकों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों से पाकिस्तान के जरिए फैलाए जाने वाले आतंकवाद की बात की है। उन्होंने दुनिया को बताया है कि कैसे पड़ोसी देश आतंक फैला रहा है।*

पाकिस्तान की एससीओ में जबरदस्त किरकिरी



### एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए

एस जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग व बेनकाब करना चाहिए जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर था। उन्होंने आगे कहा, सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है और आतंकवाद के वित्तपोषण एवं आतंकियों की भर्ती से दृढ़ता से निपटा जाना चाहिए। एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस संबंध में हम दोहरे मापदंड नहीं अपना सकते।" साथ ही कहा कि पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे सीपीईएस को लेकर चीन पर निशाना साधते हुए एस जयशंकर ने कहा, आर्थिक विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी की आवश्यकता होती है। यह हमारे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त कर सकती है। कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है। इसी तरह गैर-भेदभावपूर्ण व्यापारिक अधिकार और पारगमन व्यवस्था भी आवश्यक है। एससीओ को इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।

### आतंक को पनाह देने वालों की हो निंदा

जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा आगे कहा, आतंकवादियों को पनाह देने की कड़ी निंदा की जानी चाहिए. सीमा पार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया की जरूरत है और आतंकी फंडिंग एवं भर्ती से प्रभावी ढंग से निपटने की जरूरत है. एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए. इस संबंध में हम दोहरे मानदंड नहीं अपना सकते हैं।

**आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि हममें से कई लोगों को ऐसे अनुभव हुए हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे होते हैं। हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**आतंकवाद को बढ़ावा देने पर चीन को लताड़ा**

जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ-साथ चीन को भी निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था, देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। चीन ने कई मौकों पर पाकिस्तान के वांटेड आतंकियों को ब्लैक लिस्ट करने के प्रस्तावों को यूएन में ब्लॉक किया है।

## खबर संक्षेप

### 2023 शिखर सम्मेलन के बाद प्रगति समीक्षा की




**नई दिल्ली।** क्वाड' सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने मई 2023 में हुए शिखर सम्मेलन में तय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में 'क्वाड' के विभिन्न कार्य समूहों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की। कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा, मानवीय सहायता एवं राहत कार्यों, जलवायु परिवर्तन को रोकने और आतंकवाद का मुकाबला करने जैसे पहलुओं में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समूह के सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए नये विचारों पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने मई 2023 के 'क्वाड लीडर्स समिट' में तय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में 'क्वाड' के विभिन्न कार्य समूहों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की।

### रूस ने भारत को सौंपी 36 हजार राइफल



**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए अगले सप्ताह मॉस्को जाने वाले हैं। 8-10 जुलाई तक वह दो देशों की यात्रा करेंगे। रूस जाने के बाद वह ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन से पहले रूसी पक्ष ने घोषणा की है कि इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 35000 से ज्यादा 'मेड इन इंडिया' कलाश्निकोव एके-203 असॉल्ट राइफलों का उत्पादन कर भारतीय सेना को सौंप दिया है। यह ट्रांसफर दोनों पक्षों के बीच चल रहे बड़े रक्षा सहयोग का एक हिस्सा है।

### सऊदी से भारतीयों के लिए नागरिकता का ऐलान



**रियाद।** सऊदी अरब ने नागरिकता देने के संबंध में अहम फैसला लिया है। सरकार ने उन लोगों को नागरिकता देने का फैसला लिया है, जो अपने पेशे में महारत रखते है। चुने हुए लोगों को नागरिकता देने के लिए सऊदी सरकार ने डिक्री जारी की है। सऊदी सरकार ने कई वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, शोधकर्ताओं, इंटरप्रेन्योर, कारोबारियों और दूसरे क्षेत्रों में नाम कमाने वाली प्रतिभाओं को सऊदी नागरिकता प्रदान करने के लिए ये शाही फरमान जारी किया है। सऊदी अरब में अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी तादाद में भारतीय काम करते हैं।

## ब्रिटेन में आम चुनाव 2024: भारतवंशी सुनक ने अपना इस्तीफा दिया

# 14 साल वनवास के बाद लेबर पार्टी की सत्ता में हुई वापसी

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में शुक्रवार, 5 जुलाई को सत्ता बदल गई। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद लेबर पार्टी से चुनाव हार गई। इसके कुछ घंटे बाद भारतवंशी ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी के 61 साल के कीर स्टार्मर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। सुनक ने हार स्वीकार कर पार्टी से माफी मांगी है। उन्होंने स्टार्मर को भी फोन कर जीत की बधाई दी। आम चुनाव में लेबर पार्टी को बंपर जीत मिली है। पार्टी ने कुल 650 सीटों में से 412 जीत दर्ज की है। सरकार बनाने के लिए 326 सीटों की जरूरत होती है। उधर कंजर्वेटिव 120 सीटों पर सिमट गई। यह कंजर्वेटिव पार्टी की पिछले 200 सालों में सबसे बड़ी हार है।



*चार जुलाई 2024 को ब्रिटेन में 650 संसदीय सीटों के लिए मतदान हुआ था। 5 जुलाई को ब्रिटेन चुनाव के नतीजे घोषित किए गए। इन नतीजों में ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी नेता कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी ने जीत हासिल की है।*

### कीर बोले- मैं सुनक की मेहनत को सलाम करता हूं

### पीएम स्टार्मर के भाषण की 5 अहम बातें...

- चाहे आपने हमें वोट किया हो या नहीं मेरी सरकार आप सब के लिए काम करेगी।
- नेताओं और लोगों के बीच की खाई से जनता की उम्मीद खो गई थी। देश की धड़कन थकने लगी थी।
- अब 'रीसेट' का समय आ गया है। हालांकि, हालातों को बदलने में समय लगेगा।
- मैं एक-एक ईंट जोड़कर देश को फिर से बनाऊंगा। मैं लोगों के लिए काम करने वाली सरकार में आप सब का स्वागत करता हूं।
- मैं तब तक लड़ता रहूंगा जब तक आप सरकार में भरोसा नहीं कर लेते।




कीर स्टार्मर ने कहा है कि मैं अभी बकिंघम प्लेस से लौटा हूं। मैंने इस महान देश की सरकार बनाने के लिए किंग के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

मैं ऋषि सुनक को उनके पहले एशियन मूल के पीएम बनने के लिए धन्यवाद देता हूं। उसके लिए जो उन्होंने अतिरिक्त मेहनत की है, उसे नकारना नहीं चाहते। हम उनकी मेहनत को सलाम करते हैं।

### भारतीय मूल के 18 उम्मीदवार जीते

इस बार भारतीय मूल के 18 सांसद जीते हैं। शिवानी राजा, प्रीति पटेल और नवेंदु मिश्रा जैसे नाम शामिल हैं। बता दें कि प्रतिष्ठित ब्रिटिश भारतीयों में से एक कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद आलोक शर्मा और लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र शर्मा ने इस बार चुनाव नहीं लड़ा था। जस अथवाल ने लेबर पार्टी के गढ़ इफोर्ड साउथ से चुनाव लड़ा था, जबकि बैगी शंकर डर्बी साउथ, सतवीर कौर साउथम्पटन टेस्ट और हरप्रीत उप्पल ने हडर्सफील्ड से चुनाव लड़ा। इंदौर में जन्मे राजेश अग्रवाल ने पहली बार लीसेस्टर ईस्ट से चुनाव लड़ा था लेकिन वह अन्य ब्रिटिश भारतीय एवं कंजर्वेटिव पार्टी की उम्मीदवार शिवानी राजा से हार गए।

### ब्रिटेन के पीएम के रूप में ऋषि सुनक का आखिरी संबोधन- मुझे माफ कर दीजिए

सबसे पहले मैं आप सभी से माफी मांगना चाहता हूं। आप सभी ने जनादेश दिया है कि ब्रिटेन की सरकार में आवश्यक रूप से बदलाव होना चाहिए। आप लोगों का फैसला बहुत मायने रखता है। मैंने आपका गुस्सा और आपकी निराशा को देखा और इस नुकसान की मैं पूरी तरह से जिम्मेदारी लेता हूं। मैं कंजर्वेटिव पार्टी के उन सभी कार्यकर्ताओं से भी माफी मांगता हूं, जिन्होंने दिन रात एक कर चुनाव प्रचार में जी जान लगा दी।

### मैं कीर स्टार्मर को बधाई देता हूं: सुनक

ऋषि सुनक ने आगे कहा, 'जब मैं प्रधानमंत्री बना था तो मैंने आपसे वादा किया था कि देश में आर्थिक स्थिरता लाऊंगा। वादे के मुताबिक देश में आर्थिक स्थिरता लाई गई। हमने वैश्विक स्तर पर भी कई देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया। मुझे इन उपलब्धियों पर गर्व है। मेरा मानना है कि हमारा देश और अधिक मजबूत और सुरक्षित हुआ है। अब कीर स्टार्मर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनकी सफलताएं, हमारे देश की भी सफलता साबित होगी। मैं कीर स्टार्मर और उनके परिवार को बधाई देता हूं।

## ब्रिटेन में रहता है बाबा राजेंद्र कालिया

# अपने आप को भगवान का अवतार बताकर महिलाओं से किया यौन शोषण



एजेंसी ▶▶ लंदन

धर्म की आड़ में महिलाओं की अपनी हवस का शिकार बनाने वाले बाबाओं की लंबी फेहरिस्त है। महिलाओं के साथ गलत कृत्य करने वाले कई बाबा जेल की सलाखों के पीछे हैं। ऐसा ही एक मामला ब्रिटेन से सामने आया है। भारतीय मूल के एक बाबा पर कई महिलाओं के साथ यौन शोषण करने के आरोप हैं। खुद को भगवान बताने वाले इस बाबा पर कई शिष्याओं से रेप का आरोप है। इस पर चमत्कार दिखाकर लड़कियों को बहकाने और उनका फायदा उठाने का आरोप लगा है। यह पूरा मामला ब्रिटेन की कोर्ट में है। इतना ही नहीं, बाबा पर 4 साल तक की बच्चियों के भी यौन शोषण के आरोप हैं।

ब्रिटेन के कोवेंट्री स्थित हिंदू मंदिर के मुख्य पुजारी राजेंद्र कालिया पर महिला सेविकाओं से दुष्कर्म, अपने मंदिर के सदस्यों, विशेषकर लड़कियों को बहकाने का आरोप लगा है। उसकी शिष्याओं ने राजेंद्र पर आर्थिक जुर्माने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### कालिया ने लगे आरोपों पर किया इनकार

68 साल के कालिया ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है और खुद के फर्जी गुरु होने की बात भी नकारी है। उसने कहा कि मेरे ख़िलाफ़ जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वो पूरी तरह से निराधार हैं। यह बहुत दुख की बात है कि मुझे अपने समुदाय के भीतर मुझे नुकसान पहुंचाने की एक बड़ी साजिश का आभास हो रहा है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। तब तक, मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा जिन्होंने इस चुनौतीपूर्ण समय में मेरा और मेरे परिवार का साथ दिया है।

### अगले हफ्ते सुनवाई पूरी होने की उम्मीद

मुआवजे के तौर पर पीड़िताओं ने कोर्ट से 8 मिलियन पाउंड जुर्माने की मांग की है। राजेंद्र खुद को जिंदा भगवान बताता है। यौन शोषण की शिकार लड़कियों में कुछ की उम्र तो 4 साल तक है। पिछले हफ्ते रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस में जस्टिस मार्टिन स्पेंसर के समक्ष केस शुरू हुआ और अगले हफ्ते सुनवाई पूरी होने की उम्मीद है।

बरामदगी में मिला 9 किलो सोना व 11.5 लाख नकदी

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़े सात काले कुबेर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीएसएफ और डीआरआई के एक सफल ज्वाइंट ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 11.5 लाख रुपये नकद और 6.86 करोड़ रुपए मूल्य के 9.6 किलोग्राम सोना तस्करी करते हुए लोगों को पकड़ा है।

सुरक्षा बलों ने इस घटना में शामिल सभी तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत नदिया जिले में तैनात 68 बटालियन के बीएसएफ जवानों ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के साथ मिलकर एक ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने सीमानगर से लगातार 7 तस्करों को गिरफ्तार किया।



### 11 करोड़ से अधिक कैश और 6 सोने की ईंटें बरामद

साथ ही सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से 16 सोने की ईंटें और 9.572 किलोग्राम वजन का एक सोने का बिस्किट बरामद किया गया और 11,58,500/- रुपये की नकदी और सोने की डिलीवरी में इस्तेमाल की गई मारुति इको कार भी जब्त की गई। जब्त सोने का कुल अनुमानित कीमत 6,86,23,582/- रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना 4 जुलाई 2024 की है जिसमें डीआरआई ने सोना तस्करी की सूचना बीएसएफ के खुफिया विभाग से साझा की।

### भारत में होगा रक्षा उत्पादन: मंत्री सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 2023-24 में भारत का कुल वार्षिक रक्षा उत्पादन 1,26,887 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यह किसी भी वित्तीय वर्ष में भारत का रक्षा उपकरणों और उत्पादों का अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है। 2022-23 में देश में कुल रक्षा उत्पादन 1,08,684 करोड़ रुपए था। रक्षा उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अग्रणी 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम का योगदान लगभग 79.2% था, और निजी क्षेत्र का योगदान 20.8% था।

अमित शाह ने दिए निर्देश भाजपा ने शुरू की तैयारी

# अमरनाथ यात्रा खत्म होते ही जम्मू कश्मीर में हो सकते हैं विस चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35(अ) हटने के बाद इसे केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया था। पांच साल बाद अब वहां की आम जनता को विधानसभा चुनावों का इंतजार हैं, जिसको लेकर संभावनाएं हैं कि जल्द ही यह इंतजार खत्म हो जाएगा, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं, जिसको लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा नेताओं को चुनाव की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी के बड़े नेताओं की अहम बैठक हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर भाजपा के कई नेता भी शामिल थे। उन्होंने प्रदेश के नेताओं को बताया था कि भाजपा राज्य की 90 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ सकती है और वह चुनाव के पहले किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेगी।



### 2018 में भंग हुई थी विधानसभा

गौरतलब है कि अगस्त 2019 में राज्य का 'विशेष राज्य' वाला दर्जा खत्म कर दिया गया था और उसे केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया था। बता दें कि पहले जम्मू कश्मीर में ही लद्दाख भी शामिल था, लेकिन लद्दाख को 2019 में एक अलग राज्य बना दिया गया था। इससे पहले साल 2018 में विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंका के चलते राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने विधानसभा भंग करने की अनुशंसा की थी, जिसे राष्ट्रपति ने मंजूर भी कर लिया गया है।

## कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा सकेगी, 10 साल की सजा का है प्रावधान

# लव जिहाद' से भी निपटेगी भारतीय न्याय संहिता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 'लव जिहाद' के मामलों की काफी चर्चा रही है। ऐसे मामलों से कैसे निपटा जाए, इस पर भी बात होती रही है। लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता में इसे लेकर कानून ही बन गया है।

इससे लव जिहाद जैसे मामलों से निपटने में आसानी होगी और तय कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा सकेगी। अब धार्मिक पहचान छिपाकर शादी करने या फिर गुमराह करने के मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत 10 साल की सजा होगी। इसे भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 69 में वर्णित किया गया है।





"अब किसी महिला से धार्मिक पहचान छिपाकर शादी करने या फिर गुमराह करने के मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत 10 साल की सजा होगी। इसे भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 69 में वर्णित किया गया है।

### छिपकर शादी करना अपराध होगा

इसके तहत ऐसे मामलों को डील किया जाएगा, जिनमें आरोप हो कि संबंधित व्यक्ति ने पहचान छिपाकर विवाह किया है या फिर रिलेशन बनाए। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रुद्र विक्रम सिंह ने भी अपनी पुस्तक 'दंड संहिता से न्याय संहिता तक' में विस्तार से जानकारी दी है। रुद्र विक्रम सिंह लिखते हैं, 'शादी के नाम पर धोखेबाजी या पहचान छिपाकर शादी करने को अपराध घोषित किया गया है। लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों से निपटने के

### नाबालिग से दुष्कर्म में मौत की सजा

रेप के मामले में अब तक धारा 376 के तहत कार्रवाई होती थी और रेप की परिभाषा को 375 में तय किया गया था। अब भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 63 में बलात्कार की परिभाषा तय की गई है और 64 में उसके लिए सजा का प्रावधान है। रेप के मामलों में दोषी के लिए कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है और इसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं धारा 70 (2) में नाबालिग से रेप की सजा तय की गई है। 16 साल से कम उम्र की लड़की से रेप की सजा बढ़ाकर 20 साल कर दी गई है।

### ऐसे अपराधों में तीन साल के अंदर आ जाएगा फैसला

दंड संहिता से न्याय संहिता तक' में अधिवक्ता रुद्र विक्रम लिखते हैं, 'भारतीय न्याय संहिता लागू होने से तमाम मामले तेजी से निपट जाएंगे। इसके तहत तीन साल से कम की सजा वाले मामलों में समरी ट्रायल किया जाएगा। अब तीन साल से कम की सजा वाले केसों में मजिस्ट्रेट समरी ट्रायल कर सकेगा। इसके तहत पुलिस को 90 दिन में चार्जशीट दाखिल करनी होगी। परिस्थिति के आधार पर अदालत 90 दिन का समय और दे सकती है।

### अंतर्राज्यीय नशा तस्कर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**एजेंसी:शिमला।** शिमला जिला में पुलिस ने अंतर्राज्यीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 169 ग्राम चिट्टे के साथ 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि पंजाब नंबर की एक गाड़ी में नशीला पदार्थ चिट्टा लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने शिमला के उपनगर संजौली के चलौंठी के पास पंजाब की नंबर की उक्त कार को जांच के लिए रोका।



# जमीन की हो रही थी खुदाई, तभी दिखा कुछ ऐसा, उड़े वैज्ञानिकों के होश

## करोड़ों साल पुराने राज से उठा पर्दा!

हमारी दुनिया कितनी रहस्यमयी है, इसके बारे में तो आपको पता ही होगा. पर दुनिया का प्राचीन रहस्य धरती के ऊपर नहीं, धरती के नीचे है। वैज्ञानिकों को आज भी करोड़ों साल पुराने रहस्य कभी-कभी मिल जाते हैं जो हमें जीवन के बारे में नई-नई चीजें सिखाते हैं। हाल ही में वैज्ञानिकों को करीब 4 करोड़ साल पहले रहने वाले एक जीव के अवशेष मिले हैं। ये जीव डायनासोर से भी पहले पानी के अंदर रहते थे और इनका आकार काफी बड़ा था।



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

द सन वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों को नामीबिया में एक प्राचीन काल के जीव का कंकाल मिला है। वैज्ञानिकों ने इस जीव का नाम 'गाईयोगया जेन्नियाई' रखा है, जिसे गाई-एस फॉर्मेशन जगह के नाम पर रखा गया। जहां ये मिला और जेनी क्लैक वैज्ञानिक के भी नाम पर रखा गया, जिन्होंने इसे खोजा। वैज्ञानिकों को इस जीव की खोपड़ी और स्पाइन मिली है जो अभी भी प्रिजर्व है।



### टेट्रापॉड था जीव

यूनिवर्सिटी ऑफ ब्यूनोज़ एरीज़ की क्लॉडिया मैरसिकानो का कहना है कि जब उन्हें जीव का कंकाल मिला, तभी उसे देखते ही उन्हें समझ आ गया था कि काफी अलग और अनोखी चीज है। जब उन्होंने खोपड़ी का अध्ययन किया तो उन्हें उसका सामने वाला हिस्सा देखकर हैरानी हुई। उन्हें इंटरलॉकिंग फैंग (जहरीले दांत) नजर आए जिससे उन्हें समझ में आया कि ये प्राचीन टेट्रापॉड प्रजाति के जीव हैं। टेट्रापॉड वो जीव होते थे जिनकी रीढ़ की हड्डी होती थी और ये चार पैर वाले होते थे, मगर मछली की प्रजाति के थे. इन्हीं से रेप्टाइल, पक्षी, स्तनधारी और उभयचर जीव बने थे।



### 4 करोड़ साल पहले रहता था यह जीव

सैलामेंडर जैसा ये कीड़ा हिम युग के वक्त सबसे खतरनाक शिकारी माना जाता था जो अपने शिकार को मुंह के अंदर खींच लेता और फिर उन्हें निगल जाता था। जीव की खोपड़ी 2 फीट लंबी थी और उसका सिर किसी टॉयलेट सीट जैसा बड़ा और फ्लैट था। ये जीव 40 मिलियन साल पहले झीलों या दलदली इलाकों में मिलता था। शिकागो को फील्ड म्यूजियम के पोस्टडॉक्टोरल फेलो जेसन पार्डो ने इसकी जानकारी दी है। इस जीव के सिर का अगला हिस्सा सिर्फ दांत थे और इसका फैंग भी हुआ करता था। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये काफी बड़े शिकारी थे मगर अपनी स्पीड में काफी धीमे थे।

# एयरटेल ने डेटा उल्लंघन के दावों को किया खारिज

**जबलपुर।** एयरटेल इंडिया ने डेटा उल्लंघन के दावों का दृढ़ता से खंडन किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एयरटेल इंडिया के 375 मिलियन उपयोगकर्ताओं के डेटा को डार्प वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया था। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर डार्प वेब इंफॉर्मर की पोस्ट के अनुसार, एक गैर-प्रमाणिक डेटा हैकर जिसका नाम ज़ेन्नजेन है, कथित तौर पर एयरटेल इंडिया ग्राहकों से संबंधित डेटा बेच रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार एक्स पर की गई यह पोस्ट डिलीट कर दी गई है।कथित डेटा एक्सएमआर में 50,000 अमरीकी डालर मूल्य में बेचा जा रहा है।

# आईसीआईसीआई में मिलता है 'लाइफ कंटिन्यूटी' का विकल्प

**जबलपुर।** कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वितीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है। आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वितीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए।

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

# एसडीएम ने थाने के अंदर कांग्रेस नेताओं को पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सूरजपुर जिले में गुरुवार को एसडीएम ने कांग्रेस नेताओं और पत्रकार के साथ मारपीट की। एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने बात करने के बहाने कांग्रेस नेताओं को कोतवाली थाने में बुलाया और खुद ही उनकी डंडे और लात जूते से पिटाई करनी शुरू कर दी। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे पत्रकार ने जब घटना का वीडियो बनाया तो एसडीएम ने पुलिसकर्मियों से पत्रकार को भी पकड़वा लिया। इस दौरान युवक बताता रहा कि वह पत्रकार व हृदय रोग का मरीज है लेकिन एसडीएम ने मोबाइल फोन छीन लिया और डंडे और लात से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश भड़क उठा।

■ मारपीट का वीडियो बना रहे पत्रकार की भी पिटाई

### टूटा मोबाइल लौटाया

*घटना के दौरान एसडीएम द्वारा लूटे गए मोबाइल फोन को देर शाम वापस लौटाया गया लेकिन मोबाइल फोन को पूरी तरह से तोड़ दिया गया है और संभावना है कि तोड़ने से पहले उसके अंदर मौजूद डाटा को भी डिलीट कर दिया गया है लेकिन पत्रकार के साथ हुई घटना का वीडियो वायरल हो गया।*

### पुलिस बल तैनात

*घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया। घटना के बाद दूसरे जिलों से भी पुलिस बल को बुलाया गया और कलेक्टर, एसपी कार्यालय कोतवाली में पुलिस बल को तैनात किया गया।*

### की जाएगी कार्रवाई


प्रथम दृष्टया एसडीएम की गलती सामने आई है। इस मामले में अपर कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-रोहित व्यास,** कलेक्टर सूरजपुर

# वो सबसे खतरनाक आइलैंड, जो है जहरीले सांपों का बसेरा

**न्यूयार्क।** सांप के बारे में सोचते ही आपके दिमाग में एक ऐसे जीव की तस्वीर बनती है, जो खतरनाक भी है और फुर्ती से खतरे से बच भी सकता है। हालांकि, आमतौर पर हम सांपों को ज़मीन पर ही रेंगते हुए देखते हैं। एक ही सांप को देख लें तो हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं, ज़रा उस आइलैंड की कल्पना कीजिए जहां हज़ारों की संख्या में इतने विषैले सांप हों कि अपने ज़हर से वो आपके मांस तक को पिघला दें! आज हम आपको एक ऐसे ही द्वीप के बारे में बताएंगे, जहां दुनिया के सबसे जहरीले सांप हज़ारों की संख्या में रहते हैं। एल्हा दा क्विमादा ग्रैंड नाम का आइलैंड है, जहां अलग ही किस्म के सांप पाए जाते हैं। इस द्वीप पर जाने की किसी की हिम्मत नहीं है, क्योंकि ये सांप नहीं साक्षात यमराज के दूत हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एल्हा दा क्विमादा ग्रैंड को स्नेक आइलैंड कहा जाता है। यहां ज़हरीले वाइपर स्नेक रहते हैं, वो भी 2000 से 4000 तक की संख्या में। ये जगह ब्राज़ील में साओ पाउलो कोस्ट से 90 मील की दूरी पर है, जहां पांव रखना भी अवैध है। वाइपर स्नेक की सबसे खतरनाक प्रजाति लेंसहेड वाइपर्स यहां रहते हैं, जो यहां के अलावा और कहीं नहीं मिलते। इनके ज़हर की खासियत ये है कि इंसानी मांस को भी पिघला सकते हैं और महज एक घंटे के अंदर किसी स्वस्थ आदमी को भी मौत की नींद सुला सकते हैं। एल्हा दा क्विमादा ग्रैंड का मतलब होता है भयानक अग्नि का द्वीप। ये नाम भी इसे इसलिए दिया गया है, क्योंकि पहले यहां सांपों को भगाने के लिए आग जलाकर लोग जाते थे। यहां पहले एक लाइटहाउस हुआ करता था।

# सूअर के शिकार की 51,200 साल पुरानी पेंटिंग मिली



**लंदन।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर एक गुफा की छत पर सुअर के शिकार की प्राचीन पेंटिंग मिली है। यह पत्थरों पर बनाई गई 51,200 साल पुरानी पेंटिंग है। यह गुफा लाइमस्टोन से बनी है। इस प्राचीन कलाकृति में इंसानों की आकृतियां बनी हैं, जो घेर कर सूअर का शिकार कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे पुरानी गुफा कलाकृति है। यह पेंटिंग दक्षिण सुलावेसी प्रांत के मारोस-पांगकेप इलाके के लीयांग करमपुआंग गुफा में है। अब वैज्ञानिक इन प्राचीन कलाकृतियों की उम्र पता करने के लिए कैल्सियम कार्बोनेट क्रिस्टल की मदद लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी के आर्कियोलॉजिस्ट मैक्सिम ऑबर्ट ने कहा कि नई तकनीक ज्यादा बेहतर उम्र बाताती है। इस पेंटिंग में 36 इंच लंबा और 15 इंच चौड़ा सूअर बना है। जिसके आसपास तीन छोटे-छोटे इंसानी कलाकृतियां बनी हैं। ये पेंटिंग लाल रंग के इस्तेमाल से बनाई गई है। इस गुफा में और भी सुअरों की तस्वीरें हैं।

# समुद्र की गहराई में लगा है बिस्तर लाखों रुपए कीमत देकर सोते हैं लोग

दुनियाभर में ज्यादातर लोगों को समंदर का पानी बहुत पसंद आता है। वे समुद्री किनारों पर जाकर उसकी लहरों का आनंद लेते हैं, तो कई बार पानी में डुबकी भी लगाते हैं। कुछ लोग तो ऐसे हैं, जो समुद्री पानी के अंदर जाकर उसमें बसने वाले जीवों को करीब से देखने का शौक रखते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें समुद्री जीवों को देखना तो पसंद है, लेकिन वो पानी के अंदर जाने से डरते हैं।



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

ऐसे लोगों के लिए समुद्र की गहराई में एक आलीशान होटल बना दिया गया है, जिसमें जाकर वो अपने हर शौक को पूरा कर सकते हैं। इस होटल में शीशे की दीवारें, दरवाजे लगे हुए हैं। इन शीशों के आर-पार सबकुछ दिखाई देता है। यहां तक कि नहाने से लेकर सोने के दौरान भी अंडरवाटर होटल के आसपास कई जीव तैरते हुए नजर आ जाते हैं। इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को कारा और नाटे ने शेयर किया है, जो एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। उनके इस वीडियो में देखा जा सकता है कि वे लोग पानी की गहराई में इशारा करके दिखला रहे हैं कि कैसे समुद्र के नीचे एक होटल बना हुआ है। इस होटल को वो सबसे महंगा अंडरवाटर होटल करार दे रहे हैं। आस-पास में भी कुछ समुद्री पानी के ऊपर में होटल के कमरे बने हैं, लेकिन पानी के अंदर वाले कमरे में जाने के लिए लिफ्ट लगी हुई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वे लिफ्ट के जरिए समुद्र की गहराई में बने होटल में जाते हैं। नेट बतलाते हैं कि इसके अंदर जाना वाकई में अद्भुत है। ऐसा बिल्कुल नहीं लगेगा कि आपका पैसा ज्यादा खर्च हो गया।

### नहाते हुए देखते हैं विविध समुद्री जीव

नेट लिफ्ट से नीचे जाते हुए कहते हैं कि आप जैसे ही लिफ्ट में जाएंगे आपका स्वागत मछलियां करेंगी। फिर लिफ्ट से बाहर आते ही गलियारे से होते हुए आप अपने कमरे की ओर जा सकते हैं। डबल बेड वाले इस कमरे के चारों ओर पारदर्शी शीशे लगे हुए हैं, जिसके ऊपर मछलियां तैरती हुई नजर आ जाएंगी। एक एरिया ऐसा है, जिसे देखने के बाद ऐसा महसूस होगा कि आप सबमरीन चला रहे हों। नेट अपने कैमरे के साथ आगे बढ़ते हैं, जहां पर उन्हें कारा मिलती हैं। कारा और नेट मिलकर बाथरूम की झलक दिखलाते हैं। वो ऐसी जगह पर बना है, जहां से नहाते हुए भी आप समुद्री जीवों को देखने का आनंद ले सकते हैं।

## राशिफल

**मेष** - धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** - वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** - शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** - आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** - सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** - किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** - मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** - परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत ने ओलंपिक में पदक जीतने का दिलाया भरोसा

# क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता। चैंपियन टीम का स्वेदश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए शिविर में मसरुफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने इंटरव्यू में कहा, 'एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है। हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें। देश के साथ इन पलों को हम भी जिएं। मेरे लिए इससे बड़ी गर्व की बात नहीं होगी।

पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप जीता जो बहुत बड़ी बात है। रोहित का भी काफी लंबा सफर रहा है और उन्होंने कई उतार चढ़ाव देखें हैं। पूरे देश को और हमें भी उन पर गर्व है।'



### टोक्यो के पदक ने किया टॉनिक का काम

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हरमनप्रीत ने कहा, 'जब टोक्यो में हमने 41 साल बाद पदक जीता तो हॉकी के लिए यह टॉनिक की तरह रहा। इस बार हमारी जिम्मेदारी बढ़ी है और सभी को पता है कि उस पदक के बाद कितना प्यार और सम्मान मिला है। पदक जीतने का अहसास कभी नहीं भुलाया जा सकता। टीम में जो नए खिलाड़ी आए हैं, हम उनके साथ अपना अनुभव बांटते हैं कि ओलंपिक पदक जीतना आसान नहीं होता।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर /06 / जुलाई

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844


## शब्द पहेली - 5563



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5562 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | बा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | ब | ना | का | र | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5574

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5573 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# विराट-रोहित के बिना जिम्बाब्वे के खिलाफ नई शुरुआत करेगी भारत की युवा टीम

## पांच मैचों की टी20 श्रृंखला का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे

एजेंसी ▸▸| हरारे

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे।

### रोहित-कोहली रिटायर

पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है।





### 2026 तक खेलना है 34 मैच

शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी।

### भारतीय खिलाड़ियों की लाइनअप

कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरुआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। टी20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

### संभावित टीमें

**भारत (पहले दो मैच) :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

---

## खबर संक्षेप



### खिताब की हैट्रिक से एक जीत दूर आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### प्रागी ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारुआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है।



### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2-0 से हराया।

---

**फुटबॉल : क्वार्टर फाइनल में इक्वाडोर को 4-2 से हराया**

# मेसी शूटऑउट में गोल से चूके, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| टेक्सास

गत चैंपियन अर्जेंटीना ने एक रोमांचक मुकाबले में इक्वाडोर को हराकर कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, टेक्सास के एनआरजी स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में लियोनेल मेसी की पेनल्टी तब बुरी तरह से गलत साबित हुई जब मैच शूटआउट तक पहुंच गया, जिसके बाद खेल 1-1 से बराबरी पर आ गया। अर्जेंटीना ने शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

अर्जेंटीना की ओर से पहला पेनल्टी शूट मेसी ने किया और अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने का लक्ष्य बनाया। मौजूदा टूर्नामेंट में चोटों से जूझ रहे अर्जेंटीना के कप्तान ने गेंद को नेट में डालने का साहसिक प्रयास किया। हालांकि, मेसी का प्रयास विफल हो गया क्योंकि उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से टकराकर इक्वाडोर के गोलकीपर के पास चला गया। अंत में, मेसी की चूक का असर उनकी टीम पर नहीं पड़ा क्योंकि गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने गोल बचा लिया। मार्टिनेज ने मेना के इक्वाडोर के पहले पेनल्टी प्रयास को बचाया और एलन मिंडा के गोल को भी रोका जिससे अर्जेंटीना ने बढ़त बनाई और शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।



### मेसी ने दागा पहला गोल

रेगुलेशन टाइम की बात करें तो मेसी ने मुकाबले का पहला गोल किया, जिसके बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज ने फिनिशिंग टच दिया। हालांकि, इक्वाडोर ने वापसी की और दूसरे हाफ में जोशपूर्ण संघर्ष दिखाया, जिसके परिणामस्वरुप स्टॉपेज टाइम में केविन रोड्रिगेज ने गोल किया। इस साल के कोपा अमेरिका में कोई अतिरिक्त समय नहीं होने के कारण मैच शूटआउट में चला गया, जहां मार्टिनेज अर्जेंटीना के लिए हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना वेनेजुएला या कनाडा से होगा।

### कोच जीत से खुश नहीं

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, 'पेनल्टी में टीम को अपने गोलकीपर पर पूरा भरोसा होता है और यही सबसे बड़ी बात है।' 'लियो के चूकने के बाद और टीम के लिए इसका मतलब यह है कि हमारे गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया। 'मुझे लगता है कि जब आप इस तरह से जीतते हैं तो यह आनंददायक नहीं होता। बेशक, हम खुश हैं, लेकिन मुझे इस जीत का आनंद नहीं आया।'

---

# चकाचौंध में खोना नहीं दबाव बिना खेलना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोए बगैर अपना फोकस बनाए रखना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा, 'मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं। मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है।'प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पी आर श्रीजेश , तीरंदाज दीपिका कुमारी, पहलवान अंतिम पंघाल, निशानेबाज मनु भाकर, रमिता जिंदल, चौदह वर्ष की तैराक धिनिधि देसिंघु के अलावा आनलाइन जुड़ने वालों में ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और मुक्केबाज निकहत जरीन समेत लगभग 90 खिलाड़ी शामिल थे।

### 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।'

---

**कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**
Phone : 07644-234534 Email : cmodindori@mpurban.gov.in
N.I.T. NO./1962-63/N.P./2023-24 DATED 05/07/2024
**/ /ई- निविदा आमत्रंण सूचना //**
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_355475 Date - 05.07.2024 | सांसद निधि के अंतर्गत वार्ड क्रं 09 में सांकृतिक भवन का निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रं. 10 में शांतिनगर मुक्तिधाम के पास घट निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 835873/- | रू 2000/- 16717/- | 15.07.2024 |
| 1 | 2024_UAD_355477 Date - 05.07.2024 | वार्ड क्रं. 09 में सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 03 माह 500378/- | रू 2000/- 10007/- | 23.07.2024 |

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डिण्डौरी
जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

---

**पश्चिम मध्य रेल**
**विद्युत विभाग ( कर्षण-वितरण शाखा ) जबलपुर, ई- निविदा सूचना**
**एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2023-33R दिनांक 03.07.2024**
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम**-जबलपुर यार्ड रीमॉडलिंग-पूरी लंबाई की ट्रेनों को समायोजित करने के लिए एआरएमवी साइडिंग, एआरटी साइडिंग और स्टेबलिंग लाइन नंबर 3 का विस्तार। **कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल। **कार्य की अवधि**-12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)** -रुपये 1,76,68,026.96/-(रुपये एक करोड़ छिहत्तर लाख अड़सठ हजार छब्बीस एवं छियानवे पैसे मात्र), **बयाना राशि**-रुपए 2,38,400.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-26.07.2024 को 15:00 बजे / 26.07.2024 को 15:30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट**-https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आईआरईपीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS, की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
**सहा. मंडल विद्युत इंजी. कर्षण-वितरण**
**कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

---

### जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराया

# राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

एजेंसी ▸▸| कैलगरी

भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया।

अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के साई प्रतीक को भी पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका गाड्डे की जोड़ी हार गई।



**पश्चिम मध्य रेल**
**विद्युत शाखा-खुली निविदा**
**निविदा क्रमांक:जबल/एल/टी नं.27/2024**
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्न लिखित कार्यों हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांक**-जबल/एल/टी नं.27/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मेसर्स कमिंस इंडिया लिमिटेड के 10 नंबर सीपीसीबी-II 500 केवीए उच्च क्षमता डीए सेट मॉडल नंबर KTAA19G10 का डी-चेक शेड्यूल रखरखाव। **निविदा का अनुमानित मूल्य** -1,31,07,983/-, **निविदा फार्म की कीमत रुपए** -Nil, **कार्यालय का पता**-वरि.मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, द्वितीय फ्लोर, डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर 482001, **बयाना राशि रूपये**-2,15,500/-, **समापन अवधि (वर्ष)**-01 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (16.30 बजे तक)**-25.07.2024, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (16.30 बजे तक)**-25.07.2024। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

### पाक करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतिम समय में अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ 'हाई प्रोफाइल' श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी कैलेंडर में शामिल हैं। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, 'ये श्रृंखलाएं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।'

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in
क्रमांक / 3065/ खनिज / 2023-24 दिनांक 25/6/2024
म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए
**प्रथम सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप सिंह लोधी पिता - श्री लोंग सिंह लोधी निवासी - 265544, ग्राम जोतपुर भेड़ाघाट मार्बल, तिलवारा (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 31/01/2024 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है, तथा आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है । उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।
**आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | जबलपुर | रामपुरनकटिया | 123, 126, 130 | 6.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकवा | 6.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।
जी-12971/24
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
**उपसंचालक, खनिज प्रशासन**
**जिला - जबलपुर (म. प्र.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि / यां संभाग जबलपुर**
Website-www.mp.gov.in/pwdmp Email- eepwdelec.jbp@mp.nic.in Tel/Fax. No. 0761-2620792
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक .06/2024-25 व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक 01/07/2024
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.मे) | अमानत की राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. मैं) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB _354590_1 | सिवनी जिले के लखनादौन स्थित तहसील न्यायालय भवन में लाइटिंग कन्डेक्टर का कार्य । | Rs. 2.32 Lakh | Rs. 4640/- | Rs. 2000/- | 1 MONTH | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2. द्वितीय कॉल । |
| 2 | 2024_PWDRB _354591_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य । | Rs.15.00 Lakh | Rs. 30,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 3 | 2024_PWDRB _354592_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य। | Rs.15.00 Lakh | Rs. 30,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एव अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 4 | 2024_PWDRB _354596_1 | जबलपुर जिले के विक्टोरिया सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य। | Rs.15.00 Lakh | Rs. 30,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 5 | 2024_PWDRB _354598_1 | जबलपुर जिले के कंटगा सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य । | Rs.10.00 Lakh | Rs. 20,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 6 | 2024_PWDRB _354599_1 | जबलपुर जिले के जे.ई.सी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य । | Rs.10.00 Lakh | Rs. 20,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 7 | 2024_PWDRB _354600_1 | जबलपुर जिले के हेड क्वाटर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य। | Rs.10.00 Lakh | Rs. 20,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 8 | 2024_PWDRB _354602_1 | जबलपुर जिले के सिहोरा, पनागर मझोली एवं कंटगी तहसील के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य । | Rs.10.00 Lakh | Rs. 20,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 9 | 2024_PWDRB _354604_1 | जबलपुर जिले के कलेक्ट्रेट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य। | Rs.8.00 Lakh | Rs. 16,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 10 | 2024_PWDRB _354605_1 | जबलपुर जिले के विक्टोरिया आउटर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य। | Rs.8.00 Lakh | Rs. 16,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 11 | 2024_PWDRB _354641_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल आउटर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य का जोनल कार्य। | Rs.8.00 Lakh | Rs. 16,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 12 | 2024_PWDRB _354814_1 | जबलपुर जिले के सब डिवीजन के अंतर्गत सबमर्सिबल पम्प एवं मोनोब्लॉक पंप लगाने का कार्य । | Rs.8.00 Lakh | Rs. 16,000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/25 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 13 | 2024_PWDRB _354815_1 | जबलपुर जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ कटंगा में लगे स्प्लिट ए.सी के वार्षिक रखरखाव एवं आंतरिक विद्युतीकरण का मरम्मत कार्य । | Rs. 1,36,488 Lakh | Rs. 2730/- | Rs. 1000/- | 1 Year | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |
| 14 | 2024_PWDRB _354816_1 | कार्यालय आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ कटंगा में स्थापित 8 पैसेंजर क्षमता की लिफ्ट का वार्षिक ररखरखाव का कार्य। | Rs. 1,56 Lakh | Rs. 3120/- | Rs. 1000/- | 1 Year | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु .2.प्रथम कॉल । |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 13/07/2024 निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जायेगा।
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
G-12979/24
**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग वि. / यां. संभाग**
**जबलपुर**








## छटवीं बटालियन के 100वें दीक्षांत समारोह में पासिंग आउट परेड का प्रदर्शन

# नव प्रशिक्षित आरक्षकों को कर्त्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई

**जबलपुर।** पुलिस ट्रेनिंग स्कूल (पीटीएस) से प्रशिक्षित एसएएफ 06वीं बटालियन के विशेष सशस्त्र बल के 140 नव आरक्षकों की पासिंग आउट परेड कल शुक्रवार को यहां जबलपुर जोन के आईजी अनिल सिंह कुशवाहा के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। मप्र की 22 बटालियन से आए 140 नव आरक्षकों ने पासिंग आउट परेड का प्रदर्शन किया। परेड की सलामी आईजी अनिल कुशवाहा ने ली, साथ ही नव प्रशिक्षित जवानों को 6वीं बटालियन के कमांडेन्ट सिद्धार्थ चौधरी ने कर्त्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाइ। मुख्य अतिथि अनिल सिंह कुशवाह द्वारा समस्त नव आरक्षकों को शानदार परेड के प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण पूर्ण करनें पर उन्हें शुभकामनायें दी गई व प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं बेस्ट प्रदर्शन करनें वाले जवानों को नगद पुरस्कार से पुरूष्कृत किया गया व उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण संस्था द्वारा अभी तक पुलिस विभाग में नव नियुक्त आरक्षकों के 99 बैच पास आउट हो चुक हैं। आज 100 वां बैच पास आउट हो रहा है। प्रत्येक बैच में 300 से 500 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करतें हैं। यद्यपि इस बैच में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या पहले की अपेक्षा कुछ कम रही इसके बावजूद भी नव आरक्षकों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम के दौरान



कमाण्डेन्ट सिद्धार्थ चौधरी ने उपने उद्बोधन में कहा कि, 6वीं वाहिनी की स्थापना, सन् 1942 में केन्द्राrय सरकार रक्षा विभाग के अधीन सेन्ट्रल प्रोविन्स एवं बरार क्षेत्र के रेल्वे ट्रेक्स की सुरक्षा हेतु स्पेशल आर्ड कान्सटेबलरी बटालियन नम्बर एक के नाम से की गई थी। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह विशेष रुप से उपस्थित थे।

स्थापना के समय बटालियन मुख्यालय आर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया परिसर में रखा गया था। सन् 1955 में बटालियन का मुख्यालय खमरिया से स्थानांतरित कर राँझी में संचालित कान्सटेबल ट्रेनिंग स्कूल में स्थापित किया गया। मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा फरवरी 1962 में बटालियन को प्रशिक्षण बटालियन का दर्जा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आउट डोर गतिविधियों के अन्तर्गत पीटी, ड्रिल, यू. ए.सी, योगा तथा आधुनिक हथियारों के बारे में जानकारी एवं फायरिंग तथा इनडोर विषयों में कानून, पुलिस प्रक्रिया तथा पुलिस एवं समाज विषयों में प्रशिक्षित दिया गया है। सभी प्रशिक्षणार्थियों में उत्साह है तथा वह प्रशिक्षण उपरांत नई पदस्थापना पर जाएंगे, प्रशिक्षण में उन्होंने जो सीखा है उसका लाभ उन्हें मिलेगा। हमने प्रशिक्षण को प्रभावी एवं समकालिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया है। प्रशिक्षणार्थियों को हमने कानून एवं अन्य विषयों में 03-03 माह का फील्ड का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया है, जिसका लाभ उन्हें प्रशिक्षण उपरांत मिलेगा। इस सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित पाठय़क्रम के अतिरिक्त घुड़सवारी, ड्रायविंग, वायरलेस, कम्प्यूटर के साथ-साथ स्टिकमेन डियूटी, पुलिस आफीसर्स मेस डियूटी एवं रेलमार्ग से व्ही.आई.पी. की सुरक्षा का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुशवाह पुलिस महानिरीक्षक जोन जबलपुर, कमाण्डेंट सिद्धार्थ चौधरी, डिप्टी कमाण्डेंट पीटीएस अभिषेक राजन, डिप्टी कमांण्डेंट सुश्री अंजुलता पटले, अरूण कश्यप, असिस्टेन्ट कमांण्डेंट सुबोध लोखण्डे, लामू सिंह श्याम, एमपी सिंह, पुष्पेन्द्र आठिया, खुमान सिंह धुर्वे, सीडीआई स्वरूप सिंह उईके, विजय मेहरा, विक्रम सिंह, क्वार्टर मास्टर हितेश फुलझेले व बटालियन पीटीएस के अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी व प्रशिक्षु आरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे, साथ ही पुलिस अधीक्षक जबलपुर आदित्य प्रताप सिंह रहें।

*अपराध साबित होने पर 10 साल की जेल की हवा खानी पड़ेगी*

# अब शादी-रोजगार या पदोन्नति का वादा कर यौन संबंध बनाना पड़ेगा महंगा

**जबलपुर।** अब शादी, रोजगार या पदोन्नति का झूठा वादा कर महिला से यौन संबंध बनाना बेहद महंगा पड़ेगा। अपराध साबित होने पर 10 साल की जेल की हवा खानी पड़ेगी। यह संभव हुआ है, देश में एक जुलाई से लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों से। जिन्हें लेकर हाई कोर्ट व जिला अदालत के वकीलों के बीच वाद-विवाद-संवाद का माहौल सरगर्म है।



हाई कोर्ट व जिला अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आपराधिक प्रकरणों में बहस करने में माहिर क्रिमनल लायर्स का कहना है कि वे तीनों नए कानूनों की पुस्तकों को ठीक से पढ़ चुके हैं। इसी के साथ उन्होंने पुरानी धाराओं को स्थापन्न कर स्थापित नवीन धाराओं को याद कर लिया है। उन्हीं के अनुरूप केस दायर करने लगे हैं। साथ ही बहस के दौरान भी उन्हीं धाराओंका उच्चारण करने लगे हैं। न्यायाधीश भी यह देखकर मनोबल बढ़ा रहे हैं। न्यायविद व विधिवेत्ता मिलकर नवीन कानूनों के हिसाब से सुनवाई का वातावरण तैयार कर रहे हैं। दरअसल, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में सजा सख्त हुई है। इसी आधार पर माना जा रहा है कि नवीन आपराधिक कानूनों में महिलाओं के हित के लिए नियमों में बदलाव बेहतर है।

## नए कानून वास्तव में पुराने कानूनों का पुनर्गठन

भारतीय क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक जुलाई, 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इन नए कानूनों को पुराने कानूनों का पुनर्गठन कहा जा सकता है और ये लगभग 80 प्रतिशत एक से ही है। कुछ नए बदलाव जैसे टेक्नोलाजी के यूज को बढ़ावा, ट्रायल के दौरान निश्चित समय-सीमा तय होना एक बेहतर पहल साबित हो सकती है। नए कानून के आने से केसेस की पेंडेंसी में भी बढ़ावा होने की सम्भावना है। साथ ही साथ जुरीसप्रूडेंस के डेवलपमेंट में भी समय लगना निश्चित है। आम आदमी की सुगमता हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में जीरो एफआइआर के प्रविधान को सम्मलित करना एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण निर्णय है। इस नए कानून के जरिए अब एफआइआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई जा सकती है।

## कानूनी सुधार आवश्यक था

बदलते वक्त के साथ कानूनी सुधार आवश्यक था। इन नए कानूनों के लागू होने के बाद काफी कुछ बदल गया है। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं से जुड़े अपराधों में भी सख्त सजा का प्रविधान किया गया है। शादी का वादा कर संबंध बनाने वालों को 10 साल की सजा का प्रविधान है। दुष्कर्म के लिए 10 से 20 साल से लेकर फांसी तक की सजा का प्रविधान है। 16 साल से कम उम्र की लडकी के साथ दुष्कर्म का दोषी पाए जाने पर कम से कम 20 साल की सजा का प्रविधान किया गया है। बीएनएस की धारा 65 में ही प्रविधान है कि अगर कोई व्यक्ति 12 साल से कम उम्र की बच्ची के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया जाता है तो उसे 20 साल की जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। भारतीय न्याय संहिता में एक नई धारा 69 जोड़ी गई हैं इसमें शादी, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा कर महिला के साथ यौन संबंध बनाता है तो उसे 10 साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसमें पहचान छिपाकर शादी करने पर भी 10 साल की सजा का प्रविधान किया गया है। इसी तरह दहेज हत्या में सजा का भी नया प्रविधान हुआ है।

*प्रायवेट बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर के साथ धोखाधड़ी*

# इंस्टाग्राम में खिलाया मिशन टास्क और हड़प लिए 1 लाख 70 हजार

**जबलपुर।** इंस्टाग्राम में ग्रुप बनाकर जालसाजों ने एक प्रायवेट बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर को 1 लाख 70 हजार का चूना लगा दिया। दरअसल ठगों ने उसके मोबाइल पर पहले मैसेज भेजा, जिसमें कहा गया कि छोटे-छोटे टास्क दिए जायेंगे जिसे पूरा करके पैसा कमायेंगे। शुरुआती दौर में पहले 500 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक ट्रांसफर किए। उसके बाद उसका पूरा पैसा टॉस्क के नाम पर लगवाया और हड़प लिया। घमापुर पुलिस ने इस मामलें में अज्ञात आरोपियो के खिलाफ धारा318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णाकालोनी घमापुर निवासी 29 वर्षीय अभिषेक गुप्ता ने एक लिखित शिकायत दी कि जिसमें लिखा है कि गत 9 जुलाई 2023 को सुबह 11 बजे उसके मोबाईल पर एक मोबाइल से मैसेज आया जिसमें बताया कि आपको छोटे-छोटे टास्क दिये जायेगें उसको पूरा करके आप उसमे पैसे कमा सकते है। उसने अपना जबाव हाँ मे दिया तो उसे व्हाटसएप मैसेज के माध्यम से टेलीग्राम एप डाउनलोड कराया जिसे उसने अपने मोबाइल टेलीग्राम लॉग इन किया। टेलीग्राम मे उस अज्ञात व्यक्ति ने लिंक भेजी उसने उक्त लिंक को फलो किया और उनके दिये गए टास्क को पूरा किया तो दिनांक 09 जुलाई 2023 को 500 रुपये उसके आईसीआईसीआई बैंक के एकाउण्ट में आ गये। फिर अगले दिन 10 जुलाई 2023 को उसके खाते मे 425 रुपये आए तथा दिनांक 11 जुलाई 2023 को उन लोगो ने प्रीपैड टास्क दिया जिसमे पहले पैसा लगाओ और टास्क पूरा होने पर पैसा वापस आएगा तो उसने उस दिन 1 हजार रुपये टास्क पूरा करने के लिये लगाया तो 1 हजार 850 रुपये



उसके एकाउण्ट मे आये। फिर दिनांक 12 जुलाई 2023 को सुबह उसने दो बार 3 हजार-3 हजार रुपये टास्क पूरा करने के लिये लगाया तो उन लोगो ने दो भागो मे सेटलमेन्ट किया जिसमे 5 हजार रुपये व 3 हजार 150 रुपये उसके खाते मे आ गए फिर उसने पुन शाम को 3 हजार रुपये प्रीपैड टास्क मे लगाया तो उन लोगो ने उसे मिशन कम्पलीट करने के लिये कहां और मुझसे 20 हजार रुपये लगवाएं उसने आईएमपीएस के माध्यम से पंजाब बैंक के खाते किंग इंट्रोराईजेस मे ट्रांसफर किया। इसके बाद उन्होने टेलीग्राम मैसेज मे कहा कि अभी मिशन कम्पलीट नही हुआ है 65 हजार रुपये और लगाना होगा उसके बाद जो प्रॉफिट होगा वो आपको मिलेगा यह पूरा खेल टेलीग्राम मे ग्रुप बनाकर खिलाया जा रहा था उस ग्रुप मे पांच लोग थे जिसमे से एक खिलाने वाला और बाकी चार खेलने वाले थे। वो जैसे -जैसे हम लोगो को टेलीग्राम ग्रुप मे मैसेज करता था वैसे-वैसे हम लोग करते जाते थे। बीच-बीच मे एक मे जाकर हमारे पैसे को डालर मे इन्वेस्ट करा कर हमे दिखाता था कि देखो आपका पैसा कितना ग्रो कर रहा है। इसके वाद उन्होने 85 हजार रुपये की डिमाण्ड की और कहा कि वैसा प्रफिट नही आया है जैसा आना चाहिये फिर ग्रुप के बाकी लोग पैसा डालने लगे और स्क्रीनशट शेयर करने लगे हमको कहा गया कि आपको भी पैसे डालने है तो हम पुन लालच मे आकर कि पुराना पैसा न खो जाए इस डर से उसने भी 85,000 रुपये उक्त पीएनबी खाते मे ट्रांसफर कर दिया । फिर हमने कहा कि अब तो मिशन पूरा हो गया है अब आप सेटलमेन्ट कराओ तो उन्होने हमारा सेटलमेन्ट नही किया और चार मे से तीन लोगो का सेटलमेन्ट कर दिया और उससे 05 लाख की डिमाण्ड करने लगे कहा कि यह मिशन का आखिरी पडाव है इस मिशन मे लगाई गई सारी राशि लेकर व प्रफिट लेकर आप खेल से बाहर हो जायेंगे तब उसे पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे ऑनलाईन ठगी कर उसके 1 लाख 70 हजार रूपये ठग लिये है रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## डूबने से मृत्यु पर मुआवजा की कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा

**जबलपुर।** शहर के हनुमानताल तालाब में गत दिनों डूबने से एक व्यक्ति की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मृतक युवक के परिजनों का कहना है कि युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी और वह बीते शनिवार को घर से निकला था और वापस लौटकर नहीं आया। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर, मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर मृतकों के वैध उत्तराधिकारियों को शासन की योजना, नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# मानसूनी बदरा नदारद, स्थानीय बादलों से बनी आस

**जबलपुर।** मानसून दगा दे रहा है। आ गया है लेकिन बरस नहीं रहा है। बादल छाते है दिनभर से निकल जाते है। बंगाल की खाड़ी में बनी द्रोणिक हिमालय की तराई में जा पहुंची है। मानसून की बेवफाई से पारा इतरा रहा है। शुक्रवार का दिन उमस भरी गर्मी में बीता। पारा दिन और रात में भी औसत के करीब पहुंच गया। मौसम कार्यालय के मुताबिक मानसूनी बादल अभी बंगाल की खाड़ी में ही है फिलहाल जोरदार बारिश के आसार नहीं हैं। स्थानीय बादलों से जरुर छुटपुट वर्षा हो सकती है। मौसम कार्यालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य व न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 89 प्रतिशत और सायंकाल 77 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय प्रात 5.30 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। पिछले 24 घंटों में 0.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 216.8 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी है जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा नहीं हुई थी कुल वर्षा 257.2 मिली मीटर दर्ज की गई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के सीजे बनाए गए एसीजे शील नागू को दी गई गरिमामयी विदाई

## हाई कोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने संभाला पदभार

**जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में शुक्रवार को खुशी और गम, दोनों का मिलाजुला असर देखने को मिला। ऐसा इसलिए क्योंकि जहां एक ओर पिछले दिनों दिल्ली से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठतम न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने यहां कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया, तो वहीं दूसरी ओर यहां कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति शील नागू को पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के कारण उनका विदाई समारोह आयोजित हुआ।**

न्यायमूर्ति सचदेवा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वन्यायमूर्ति नागू को मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने पर बधाई दी गई। साथ ही न्यायमूर्ति नागू जैसे न्यायिक गरिमा से ओतप्रोत जज के मप्र हाई कोर्ट से विदा होने को लेकर भावनाओं का ज्वार-भाटा भी उमड़ा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि न्यायमूर्ति नागू जज बनने से पूर्व मप्र हाई कोर्ट में ही वकालत करते थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने न्यायमूर्ति नागू के व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित कर मुख्य न्यायाधीश बतौर पदोन्नत किए जाने पर अपनी शुभकामना व्यक्त की। साथ ही कहा कि जबलपुर के वकीलों की भावना को समझ सकता हूं, क्योंकि आज उनके बीच से उनका पुराना वकील साथी दूसरे हाई कोर्ट जा रहा है। यह भले ही गम का सबब हो किंतु उसकी मुख्य न्यायाधीश बतौर पदोन्नति बड़ी खुशी का कारण भी तो है। महाधिवक्ता



कार्यालय की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट बार ग्वालियर के अध्यक्ष, पवन पाठक, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष अनिल खरे, एमपी स्टेट बार काउंसिल की ओर से चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, केंद्र शासन की ओर से उप महान्यायवादी पुष्पेंद्र यादव व सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के महासचिव आदित्य अधिकारी ने न्यायमूर्ति शील नागू व न्यायमूर्ति सचदेवा के जीवनवृत्त को प्रेरणादायक निरूपित किया।

**इस हाई कोर्ट को भूल नहीं पाऊंगा : न्यायमूर्ति नागू**

अपने बारे में वक्तव्य देने वालों के प्रति साधुवाद ज्ञापित करते हुए न्यायमूर्ति नागू ने कहा कि इस हाई कोर्ट को विस्मृत करना असंभव है। इसी भूमि से उठकर तरक्की के सोपान चढ़ा हूं। यहां का एक-एक पल खूब याद आएगा।

**इस हाई कोर्ट में एसीजे बनना गौरव की बात : सचदेवा**

जब राजधानी से संस्कारधानी आया था, तभी स्वागत समारोह में नर्मदा व महाकाल के प्रदेश आने पर गर्व की अनुभूति अभिव्यक्त कर चुका हूं। इस हाई कोर्ट के बार व न्यायजगत का गरिमामय इतिहास रहा है। इसलिए यहां एसीजे बनना गौरव की बात है।



## रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर।** क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए 20 जुलाई को रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव जबलपुर- 2024 नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इनफॉरमेशन सेंटर में आयोजित होगा। जिसको लेकर कमिश्नर अभय वर्मा ने कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीती यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह, एमपीआईडीसी के अधिकारियों के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इनफॉरमेशन सेंटर का निरीक्षण किया। कमिश्नर वर्मा ने सेंटर का बारीकी से निरीक्षण कर कॉनक्लेव की सभी गतिविधियों के सुचारू संपादन के लिये आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाने के लिये सभी समुचित प्रयास निर्धारित समय के पूर्व सुनिश्चित कर लें। उन्होंने इसमें निवेशकों को आकर्षित करने पर जोर दिया। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चरल इन्फॉर्मेशन सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने डॉ. पटेल की सराहा

## हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल डिप्टी सीएम के हाथों हुए सम्मानित

हरिभूमि, जबलपुर।

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल को डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने अपने हाथों से सम्मानित करते हुए कहा कि डॉ. पुष्पराज पटेल पीड़ितों के लिए मसीहा हैं। जिन्होंने कोविड जैसे संक्रमण काल में पीड़ति मानवता के लिए बढ़ चढ़ कर कार्य किया है।

भोपाल स्थित सिया जी होटल में आयोजित कार्यक्रम में परिवार के सदस्य उनकी धर्मपत्नी स्त्री एवं स्त्री केंसर रोग विशेषज्ञ डॉ कावेरी शॉ पटेल ,पुत्र शाश्वत पटेल, बिटिया परी पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रही।इस अवसर पर डॉ पुष्पराज पटेल ने सम्मान के बाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे माता पिता ,परिवार के सदस्यों का आशीर्वाद और मेरे साथ



काम कर रहे मेरे सहयोगियों ,

मरीजों के प्यार का सम्मान है. जिनके प्यार की बदौलत मैं यहां तक पहुंचा हूँ।

उल्लेखनीय हैं कि डॉ पुष्पराज पटेल ने कोविड काल में मरीजों का उपचार एवं गांव गांव में जाकर हृदय रोगियों की समर्पित भाव से इलाज करने के साथ असहाय और निर्धन व्यक्तियों को निशुल्क उपचार सरल और सहज भाव से किया है। डॉ पुष्पराज पटेल ने आगे कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा से किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है।हमें अपने आचरण में सदैव सेवा की भावना रखना चाहिए।जैसे गुलाब के पुष्प को अपनी पहचान बताने की जरूरत नहीं होती है।उसकी खुशबू ही उसकी पहचान और कुछ अच्छा करने का संदेश देती है।

### एस्सेल कंपनी को नोटिस जारी

**जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था को महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने भी बहाल रखते हुए निगम की ही 203 गाड़ियों को वार्डे में भेजकर 450 ट्रिप कचरा घर-घर से कलेक्शन कराया। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह एवं निगमायक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि एस्सेल कंपनी को सफाई व्यवस्था में सुधार न लाने पर फिर से नोटिस जारी किया गया है। यदि कंपनी के द्वारा सफाई व्यवस्था में अनिमित्ताएँ बरती जाती हैं तो कम्पनी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। नगर निगम वर्तमान स्थिति में शहर की सफाई व्यवस्था एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए मजबूती के साथ तैयार है। महापौर एवं निगमायुक्त ने बताया कि सुबह से सामान्य रूप से घर-घर से कचरा एकत्रिकरण के लिए गाड़ियाँ निकलेगी। महापौर एवं निगमायुक्त ने ठेकेदार को चेतावनी दी है कि यदि अनावश्यक शहर की सफाई व्यवस्था बाधित की जाती है तो ऐसी स्थिति में ठेका टर्मिनेट कर दिया जायेगा।महापौर एवं निगमायुक्त ने सफाई ठेकेदारों के साथ-साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कराने वाली कम्पनी को नोटिस जारी किया।



## रेलवे डीएसपी सुश्री सारिका पांडे सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** 90 के दशक में जब कटनी जिला नहीं बना था और जबलपुर जिले की तहसील था तब कटनी में पदस्थ एक महिला एसआई ने अपनी दबंग कार्यशैली के कारण बतौर लेडी सिंघम के रूप में खूब सुर्खियां बटोरी थी। उस समय उनकी चर्चाएं गांव-गांव तक हुआ करती थी। उनके द्वारा की गई कार्यवाहियां लोग आज भी याद करते हैं। शुक्रवार को उन महिला एसआई की रिटायरमेंट पार्टी यहां रेल पुलिस अधीक्षक कंट्रोल रूम में आयोजित की गई। सुश्री सारिका पांडे वर्तमान में जीआरपी कटनी डीएसपी पद पर पदस्थ थी। इस अवसर पर रेल पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद ने कहा कि निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया एवं सराहनीय योगदान दिया तथा हमेशा विभाग के लिये समर्पित रहे। उन्होंने कहा जिस प्रकार आप सभी की उज्जवल छवि रही है एवं अपने आपको स्वस्थ बनाये रखा है। इसी प्रकार सेवा निवृत्त होने के बाद भी परिवार के साथ सुखमय एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करें यही हमारी कामना है।

**लेडी सिंघम के रूप में 90 के दशक में बटोरी थीं सुर्खियां**

इस अवसर पर डीएसपी सुश्री सारिका पांडेय समेत सात पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों को सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ-साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान पत्रकार शुभम् शुक्ला, सुरेन्द्र दुबे आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने अधिकारियों से की परिचात्मक बैठक

**जबलपुर।** नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में सभी जिला अधिकारियों की कलेक्ट्रेट में परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमे कलेक्टर दीपक सक्सेना की मौजूदगी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह और नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव सहित सभी ]जिला अधिकारियों द्वारा अपने परिचय के साथ विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्रीमती यादव ने नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी में चल रहे विकास कार्य और बड़े प्रोजेक्टस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सिंह ने ग्रामीण



विकास में किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुये जल संवर्धन, मनरेगा, एसएसजी द्वारा की जाने वाली अजीविका गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। परिचात्मक बैठक में संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नदीमा शीरी ने उपार्जन व रियायती दरो व खाद्यान्न वितरण की जानकारी दी। इसी प्रकार विद्युत, महिला बाल विकास, एनएचएआई, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, फॉरेस्ट, कृषि व उद्यानिकी के साथ अन्य विभागों ने भी अपनी विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान सांसद दुबे ने सारगर्भित मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जनकल्याण व विकास के कार्य प्राथमिकता से किया जाए। फ्लाई ओव्हर के कार्य समय सीमा पर पूर्ण करने, मानसून काल में वृक्षारोपण करने, शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने, बुढागर और मझगवां के तालाबों का पुनर्जीवन करने के साथ जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण समय पर सुनिश्चित की जाये और शहर को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट की दिशा में प्रभावी कार्य करने और शहर में संचालित ई-रिक्शा को व्यवस्थित कर ट्राफिक व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

## यूनिपोल होर्डिंग जांच की समय सीमा तय की जाए

### उपभोक्ता मंच ने कलेक्टर, एसपी से किया आग्रह

जबलपुर।

जबलपुर में जगह-जगह लगे यूनिपोल होर्डिंग को जांच करने हेतु समिति गठित करने का आदेश तो हुआ लेकिन इस आदेश में यह जांच की निश्चित समयावधि के बावत कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। जबलपुर में बारिश शुरु हो गई है, अतः होर्डिंग यूनिपोल आंधी तूफान में गिरकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। तीन दिन पहले ही करौंदा नाला के पास यूनिपोल गिरने से घटना हुई है। यह यूनिपोल सड़क पर गिरने के बावजूद भी भाग्य से किसी भी प्रकार की कोई जान माल की हानि नहीं हुई है। इस घटना के बाद यह स्पष्ट है कि नागरिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसी के मद्देनजर दंडाधिकारी के नाते यह जांच निश्चित अवधि में पूरी हो, इस बावत निर्देश जारी करें, यह



निवेदन नागरिक मार्गदर्शक मंच ने शुक्रवार को कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर किया है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न संगठनों ने 2 जुलाई को महापौर को सौंपे गए ज्ञापन के आधार पर आयुक्त नगर निगम ने 5 सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति में ट्रेफिक पुलिस अधिकारी को शामिल करेंमोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 116(4) के अनुसार यूनिपोल होर्डिंग लगाने के पूर्व में ट्रेफिक पुलिस से एनओसी लेना अनिवार्य है। यह एनओसी होर्डिंग के लोकेशन वाईज अलग-अलग होती है। इस हेतु लोकेशन के हिसात से वेरीफिकेशन कर "यातायात में अवरोध" के संबंध में प्रतिवेदन की जरुरत है। अतः इस कार्य हेतु ट्रेफिक पुलिस के अधिकारी को जांच समिति में शामिल करने की आवश्यकता है, इस संबंध में आदेश हो। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, उमेश दुबे, जीपी विश्वकर्मा, सुशीला कनौजिया, सुभाष चंद्रा, पीएस राजपूत, राजेश गिदरोनिया आदि उपस्थित थे।

## रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव को लेकर संभाग बैठक

जबलपुर।

संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव जबलपुर -2024 की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की। जिसमे संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम कमिश्नर, जीएमडीआईसी, उपसंचालक कृषि व उद्यानिकी तथा संबंधित अधिकारी शामिल थे। वीसी में कमिश्नर वर्मा ने रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव जबलपुर- 2024 के थीम के बारे में बताया और संभाग में औद्योगिक विकास की संभावनाएं, आवश्यकता, कार्ययोजना व तैयारियों के संबंध में विभिन्न तथ्यों पर गंभीरता से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कॉनक्लेव को सफल बनाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास पर जोर देते हुये निवेशकों के सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने भी रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के विजन को प्रस्तुत कर स्थानीय परिस्थिति अनुसार इसमें अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने और निवेशकों की सहभागिता पर जोर दिया। इसी प्रकार संभाग के सभी कलेक्टरों ने अपने-अपने क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिये सार्थक प्रयास




करने और कॉनक्लेव में भाग लेने के लिये निवेशकों के रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराने को कहा। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक सुप्रजापति ने रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव जबलपुर -2024 के विजन को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताकर कहा कि इस कॉनक्लेव में अधिक से अधिक निवेशक अपना रजिस्ट्रेशन करायें। इसके लिये उन्होंने क्यूआर कोड व लिंक भी जारी कर आपेक्षा व्यक्त की कि लोगो को इच्छा शक्ति से यह कॉन्क्लेव अवश्य ही सफल होगा। उन्होंने कहा कि एमपीआईडीसी द्वारा 20 जुलाई 2024 को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें डिफेंस, मिनरल्स, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल, एग्रोफूड सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किया जायेगा। इस कॉन्क्लेव में देशभर की प्रख्यात औद्यौगिक इकाईयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। म.प्र. सरकार उक्त सभी इंडसट्रियों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल निर्मित करना चाहती है, जिससे कि स्थानीय वेंडर्स के लिए व्यवसाय करने के लिये पर्याप्त अवसर हो तथा सभी के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़े। साथ ही बताया कि रीजनल इंडस्टी कॉनक्लेव जबलपुर -2024 जबलपुर संभाग में स्थापित, स्थापनाधीन एवं प्रस्तावित उद्योगों से संबंधित प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संगठनों सहित एक हजार से अधिक निवेशकों की सहभागिता होगी। जिससे औद्योगिक विकास का समर्थन करने वाले वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव में निवेशकों की सहभागिता आवश्यक है। इसके साथ ही बताया गया कि जबलपुर क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिये सभी आवश्यक परिस्थितियां मौजूद है। इसमें विशेष रूप से कहा गया कि औद्योगिक इकाईयों में पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध है। जिनका उपयोग औद्योगिक विकास के लिये किया जा सकता है। औद्योगिक विकास होने से क्षेत्र के आर्थिक विकास में गति परिलिक्षित होने लगेगी। उद्योग, व्यापार और रोजगार के लिये जबलपुर क्षेत्र प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## कमिश्नर व कलेक्टर ने किया राजस्व शिविर का निरीक्षण

**जबलपुर।** प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने तथा नागरिकों को संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन देने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने निर्देश दिये थे कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित हो जाये। जिससे आम जन को परेशानी न हो। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में दो दिवसीय राजस्व शिविरों का आयोजन की कार्ययोजना तैयार की। कमिश्नर अभय वर्मा और कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तहसील जबलपुर में जाकर राजस्व शिविर की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने आवेदको से चर्चा भी की और पूछा कि कोई दलाल आपके कार्य के लिए पैसे तो नहीं ले रहे हैं। इसके साथ ही उनके समस्याओं को पूछा। शिविर में उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार से अविवादित नामांतरण व बटवारा के प्रकरणों की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि तहसील जबलपुर में 289 प्रकरणों में से 144 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। कमिश्नर वर्मा और कलेक्टर सक्सेना ने आवेदकों को उनके निराकृत प्रकरण की कॉपी प्रदान किया। कमिश्नर वर्मा ने कहा कि पटवारी रिपोर्ट समय पर आ जाने से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में देरी नहीं होगी।साथ ही कहा कि प्रकरण संबंधी जो इश्तिहार है, उसका प्रकाशन हो जाना चाहिए, नक्शा संशोधन भी समय पर हो जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरण चूंकि आमजन से संबंधित रहता है अत इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें जिससे उन्हें प्रकरणों को सुलझाने के लिए भटकना न पड़े।

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने उठाया मामला

# सिहोरा के अधूरे डिवाइडर रोड निर्माण का मामला विधानसभा में गूंजा

**सिहोरा।** नगर के विकास को गति देने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से विजय रेस्टोरेंट से पुराने मझौली बायपास तक बन रही डिवाइडर रोड आवटंन के कारण अधुरी पड़ी है और सड़क के बीच में लगे विद्युत पोलों को हटाने आदि को लेकर इस मामले को बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने विधानसभा में प्रश्न उठाकर सरकार से राशी देने की मांग की।

### विधायक ने मांगी थी यह जानकारी

विदित हो पड़ोसी विधानसभा बहोरीबंद के विधायक प्रणय पाण्डे ने विधानसभा प्रश्न के माध्यम से जानकारी मांगी थी की नगर पालिका परिषद सिहोरा द्वारा विजय रेस्टोरेन्ट से मझौली बायपास तक नाली, रोड-डिवाइडर निर्माण व सेंटर लाइटिंग कार्य किस निविदा कार द्वारा किन-किन नियम शर्तों के अधीन कब प्रारंभ कराया गया प्रश्न दिनांक तक कितनी कितनी लागत के कौन-कौन से कार्य कराये गये एवं शेष निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होगा क्या उल्लेखित निर्माण कार्य में मार्ग के किनारे पूर्व से लगे विद्युत पोल शिफ्ट किए बिना मार्ग का चौडीकरण कर दिया गया है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। यदि उत्तर हां हे तो क्या शासन गैर जिम्मेदाराना निर्माण कार्य की शीघ्र जांच कराकर विद्युत पोल शिफ्ट कर दोषियों पर कार्यवाही करेगा।

### नगरीय प्रशासन मंत्री ने दिया ज़बाब

विधायक प्रणय पांडे द्वारा लगाए गये प्रश्न के जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना निर्माण योजना के अन्तर्गत उक्त सड़क उन्नपन कार्य म.प्र.शासन वर्कस मेन्यूअल में प्रावधानित नियम शर्तों के अनुसार सड़क उन्नयन अप्रैल 2021 से प्रारंभ कराया गया। निकाय द्वारा सड़क चौड़ीकरण,डिवाइडर, एवं स्ट्रीट लाईट के संपन्न कराये गये कार्य तथा उन पर किये गये भुगतान की जानकारी देते हुए बताया की सड़क चौडीकरण राशि रु 17222884.98.2 डिवाईडर राशि 5079678,13.3 सेन्टर लाईट राशि 5637785.33 कुल योग 2.79,40.348.46 उपरोक्तानुसार किये गये भुगतान के अलावा राशि रूपये 20,59,651.54 की लागत का निर्माण कार्य संपन्न कराया गया जिसका भुगतान किया जाना शेष है। कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखित निर्माण कार्ययोजना में पूर्व से लगे विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने का कार्य डी.पी.आर/ प्राक्कतन में सम्मलित नहीं होने के कारण पोल शिफ्ट नहीं किये गये हैं। विद्युत पोल के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने बाबद किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत अभी एक निकाय को प्राप्त नहीं हुई है। विद्युत पोलों को शिफ्ट कराये जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि सिहोरा द्वारा सड़क किनारे के विधुत पोल शिफ्टिंग कार्य के लिये लगभग 255.00 लाख का प्राक्कलन तैयार किया गया है राशि की उपलब्धता पर पोल शिफ्टिंग का कार्य कराया जा सकेगा।

**नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने दिया ज़बाब**



### यह थी योजना

नगर के बीच से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 को विजय रेस्टोरेंट से लेकर पुराने मझौली बाईपास मार्ग तक वन वे बनाए जाने के साथ सेंटर लाइटिंग के माध्यम से आधुनिकता प्रदान करने के अलावा मुख्य चौराहों का चौड़ीकरण कराए जाने राज्य शासन ने 5 करोड़ 66 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान कर नगर की बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण की थी टेंडर प्रक्रिया मे लो रेट का टेंडर पास होने पर चार करोड़ 96 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के कई माह बाद निर्माण कार्य प्रारंभ तो किया गया लेकिन विगत कई माह से अधूरे पड़े निर्माण कार्य से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अधूरा निर्माण बना परेशानी का सबब

नगर की पालक संस्था नगर पालिका की इंजीनियरिंग का खामियाजा नगर वासियों को भोगना पड़ रहा है। यह क्षेत्र के लिए विचारर्णीय प्रश्न है की नगर की जो समस्या हमारे क्षेत्रिय विधायक को उठाना चाहिए वो यहां के निवासी और पड़ोसी विधानसभा के विधायक उठा रहे हैं जो की सराहनीय है।पहले सत्र में तो हमारे माननीय कोई समस्या मूलक प्रश्न विधानसभा में लगा नहीं पाये अब इस मानसून सत्र में क्या करते हैं देखने लायक रहेगा। बताया जाता है नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित मार्ग में डिवाइडर बनाकर सेंट्रल लाइटिंग तो कर दी लेकिन चौड़ीकरण का कार्य केवल स्टेडियम से मझौली बाईपास तक का ही किया गया उसमें भी चौड़े किए गए मार्ग में लगे पुराने बिजली के खंबे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं इसी प्रकार न्यायालय से विजय रेस्टोरेंट तक केवल डिवाइडर बनाकर छोड़ देने से दोनों तरफ सकरा मार्ग होने के कारण आए दिन दुर्घटना घटित हो रही हैं।जितने हिस्से का चोड़ी करण किया गया उसमें बीच में लगे विधुत पोल के कारण मार्ग चोड़ी करण का भी कोई लाभ नहीं मिल रहा।

कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों का अब तक स्टापेज नही

# उपेक्षा के शिकार सिहोरा स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव की दरकार

## नवनिर्वाचित सांसद से सिहोरा वासियों की अपेक्षा

**सिहोरा।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र में यात्री, कृषि एवं माइनिंग व्यापार से सर्वाधिक राजस्व उपलब्ध कराने वाला सिहोरा रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे से स्थानीय जनों ने की है। यहां के लोग पिछले लंबे समय से यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग उठा रहे हैं लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। सिहोरा बहोरीबंद मझौली ढीमरखेड़ा तहसील के लगभग 1000 ग्राम के निवासियों को सस्ती रेल सुविधा का लाभ दिलाने वाले सिहोरा रेलवे स्टेशन में उंगलियों पर गिनी जा सकने वाली यात्री ट्रेनों का ठहराव है। कोरोना काल मैं बंद हुई यात्री ट्रेनों के ठहराव सिहोरा से छोटे स्टेशनों पर यथावत कर दिए गए लेकिन राजनीतिक उपेक्षा के शिकार सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी यात्री सुविधाओं में इजाफा करने गुहार लगा रहा है।




### विभिन्न संगठन कर चुके हैं मांग

रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्री विभिन्न स्थानों के लिए सफर करते हैं इसके अलावा कृषि एवं मीनिंग व्यापार से रेल विभाग को प्रतिदिन हजारों रुपए की आमदनी होती है लेकिन यहां पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं किया गया। हालांकि इन ट्रेनों के रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए विभिन्न संगठन अनेक बार मांग कर चुके हैं लेकिन उन्हें केवल आश्वासन देकर शांत कर दिया जाता है।

### सांसद दुबे को भाजपा ने भी सौंपा था ज्ञापन

वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण जैन ने नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे को यात्री सुविधाओं की समस्या से अवगत कराते हुए यात्री सुविधाओं में इजाफा कराने की मांग की है। जैन द्वारा प्रेषित ज्ञापन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र पूर्व से ही उपेक्षा का शिकार रहा है चूंकि क्षेत्र का नेतृत्व युवा हाथों में आने के कारण विकास की एक नई रोशनी झलक रही है।

### व्यापार उद्योग हो रहे बुरी तरह प्रभावित

विदित हो विधानसभा क्षेत्र में कृषि एवं माइनिंग व्यापार की असीम संभवानाओं के होते हुए भी यहां पर रेल आवागमन की सुविधाएं अत्यन्त कम है । रीवा इतवारी ट्रेन, जो कि प्रत्येक दिवस को सिहोरा स्टेशन से होकर अप एवं डाउन स्थिति में चलती है इसका स्टापेज न होना व्यापार उद्योग एवं कृषि को प्रभावित करता है । इसी प्रकार शहडोल से होकर नागपुर की ओर चलने वाली ट्रेन जिसका स्टापेज भी सिहोरा रोड रेल्वे स्टेशन में नहीं है।जबलपुर -हरिद्वार एक्सप्रेस जो कि सिहोरा से होकर गुजरती है जिसका पूर्व में सिहोरा में स्टापेज था चूंकि करोना के समय अनेक ट्रेन बंद कर दी गई थी पुनः चालू होने के कारण इसका स्टापेज पुनः नहीं किया गया ।

### कारोना काल में बंद ट्रेनों को पुन चालू करने की मांग

कारोना कॉल में रेलवे प्रबंधन द्वारा सिहोरा में रुकने वाली जबलपुर कोटा- एक्सप्रेस,जबलपुर -हरिद्वार एक्सप्रेस, सतना -इटारसी एक्सप्रेस एवं जबलपुर- महुआ डीह एक्सप्रेस ट्रेन को बंद कर दिया गया था अब जबकि स्थिति सामान्य हो चुकी है लेकिन रेलवे प्रबंधन द्वारा इन ट्रेनों को प्रारंभ नहीं किए जाने से यात्रियों को सस्ती एवं सुलभ यात्रा से वंचित होना पड़ रहा है।

# शिविर में तहसीलदार ने किया 385 प्रकरणों का निराकरण

**सिहोरा।** जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना की नवाचारी पहल के तहत नामांतरण के अविवादित प्रकरणों के निराकरण के लिये तहसील मुख्यालयों में शिविरों आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए थे।नामांतरण के अविवादित प्रकरणों के निराकरण के लिये आज सिहोरा तहसील कार्यालय में 477 अधिक प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये। प्रभारी तहसीलदार शशांक दुबे ने बताया कि लोगों को राजस्व कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े इसके लिये कलेक्टर ने नामांतरण के अविवादित प्रकरणों के निराकरण हेतु हर माह प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर दो-दो शिविरों के आयोजन के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर के निर्देश पर तहसील स्तर पर लगाये गये शिविर में आज 385 प्रकरणो का निराकरण किया गया।




# उल्लास नवभारत कार्यक्रम : संकुल स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**पाटन।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम" के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमे विकास खंड शिक्षा अधिकारी गौतम वर्वे संकुल प्राचार्य, श्रीमति कल्पना श्रीवास ब्लाक समन्वयक शब्रम्ह दत्त उपाध्याय संकुल सहसमन्वयक श्याम सुंदर तिवारी जनशिक्षक नितिन तिवारी रघुनाथ सिंह ठाकुर, एवं समस्त नोडल अधिकारी / शाला प्रभारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें NILP app की समस्याओं का समाधान, ऐप में असाक्षर साथियो के पंजीयन अक्षर पोथी के पठन पाठन ,PPT इत्यादि पर संकुल सह समन्वयक तथा जनशिक्षक द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं असाक्षर सर्वे और सामाजिक चेतना केंद्रों में अध्यापन कार्य की समीक्षा की गई।



आरोपी व आटो चालक गिरफ्तार

# आटो में अवैध रूप से की जा रही गैस रिफलिंग

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने आटो में अवैध रुप से घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी और एक आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू 1 विद्युत मोटर एवं आटो तथा गैस रिफलिंग के नगदी 500 रूपये जब्त किए है। अधारताल थाना प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रकांत झा ने बताया कि निर्भय नगर निवासी 32 वर्षीय संदीप पटेल गत दिवस कटरा निवासी 21 वर्षीय आटो चालक फिरोज खान की आटो में गैस रिफलिंग कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची क्राईम ब्रांच की टीम और अधारताल पुलिस ने आरोपी संदीप पटेल और आटो चालक फिरोज खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी संदीप पटेल के कब्जे से घरेलू 4 गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू, 1 मोटर मय सटक के तथा गैस बिक्री की रकम 500 रूपये तथा आटो चालक फिराज खान से आटो क्रमांक एमपी 20 आर 6519 जब्त कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 288 बी.एन.एस. एवं 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।


# लोकसेवा केन्द्र की लचर व्यवस्था तथा कर्मचारियों पर लगे अभद्र व्यवहार करने के आरोप

**सिहोरा।** ग्रामीण क्षेत्र एंव नगर के लोगों को शासन की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाये गये लोक सेवा केन्द्र की लचर व्यवस्था,सर्वर डाउन के साथ वहां पदस्थ कर्मचारियों पर आवेदकों के साथ अभद्र व्यौहार करने के भी आरोप आमजन ने लगाये है।

व्यवस्था सुधारने के लिए एसडीएम को कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिहोरा तहसील के लोग बड़ी संख्या में लोकसेवा केन्द्र सिहोरा पहुंचते है जहाँ पर शासन की सभी प्रकार की सुविधाएं का लाभ लेने आवेदन प्रस्तुत किये जाते है। लेकिन कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि जब आवेदक आवेदन प्रस्तुत करने आते है तो जानबूझकर आवेदनों में कमी निकाल कर के आवेदन को वापस किया जाता है साथ ही उन्हें भटकाया जाता है एंव हर समय सर्वर डाउन होने की बात कहकर लौटाया भी जाता है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग 20 से 30 किमीटर दूर से अपना समय और पैसा खर्च करके आवेदन प्रस्तुत करने आते है और जमा न होने की स्थिति में वापस चलें जाते हैं।आवेदन पूर्ण भी है तो भी आवेदन जमा न करके पहले अपने अन्य कार्यों को करने को प्राथमिक्ता दी जाती है अगर समय रहते इन सभी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जाता तो किसी दिन लोकसेवा केन्द्र में विवाद की स्थिति बन सकती है। इस अवसर पर अधिवक्ता राजकिशोर तिवारी,उत्तम सोनी,सोहन सोनी, पूर्व पार्षद सुनील तिवारी,रतन कुमार वंशकार, राजेश चक्रवर्ती,राम सहाय पोडी, संतोष वंशकार, सतीश द्विवेदी सहित अनेक नगर एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अज्ञात कारणों से महिला की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत सोनी भवन गोकलपुर में एक महिला की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनी भवन गोकलपुर रांझी निवासी 33 वर्षीय श्रीमति श्वेता सोनी को गत दोपहर 12.40 बज पति दीपक सोनी द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चैक कर श्रीमति श्वेता सोनी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।




**श्री कमल सिंह पटेल-** बेदीनगर मदनमहल निवासी श्री कमल सिंह पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहणी प्रसाद सैनी-** सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री रोहणी प्रसाद सैनी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**आशा पाठक-** भालदारपुरा निवासी आशा पाठक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल साहू-** गोरखपुर गुजराती मोहल्ला निवासी श्री किशन लाल साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुनील ठाकुर-** गली नं. 4 शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री सुनील ठाकुर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री गोविंद चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्र प्रकाश तिवारी-** सुहागी अधारताल निवासी श्री चंद्र प्रकाश तिवारी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सचिन प्रजापति-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री राकेश प्रजापति के पुत्र श्री सचिन प्रजापति (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार दीवान-** सुखसागर काम्पलेक्स गोरखपुर निवासी श्री कृष्ण कुमार दीवान (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरी बर्मन-** फूटाताल जूड़ी तलैया निवासी श्री हरी बर्मन (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा चक्रवर्ती-** तिलहरी निवासी श्रीर रामफल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रा चक्रवर्ती (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. सीमा राजपूत-** चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री मिश्री लाल राजपूत की पुत्री कु. सीमा राजपूत (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार मलिक-** राजुल टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री राजेंद्र कुमार मलिक (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वती बाई मेहरा-** कालीमठ मदनमहल निवासी श्री सतईंराम मेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती वती बाई मेहरा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रीतूश्री चतुर्वेदी-** न्यू सुखसागर रेतनाका ग्वारीघाट निवासी श्री अभितोष चतुर्वेदी की धर्मपत्नी श्रीमती रीतूश्री चतुर्वेदी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज मरेले-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री सत्य नारायण मरेले की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज मरेले का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**अरूणा पाठक-** अर्जुनदेव कॉलोनी पोलीपाथर निवासी अरूणा पाठक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विक्की चौधरी-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रामदास चौधरी के पुत्र श्री विक्की चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती श्वेता सोनी-** न्यू शोभापुर व्हीकल रोड निवासी श्री दीपक सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती श्वेता सोनी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आयुषी वर्मा-** गोभापुर व्हीकल निवासी श्री संजय वर्मा की पुत्री कु. आयुषी वर्मा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सरला कालिया-** रेतनाका भल्ला कॉलोनी ललपुर रोड निवासी श्री सत्यकेतू कालिया की धर्मपत्नी श्रीमती सरला कालिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

उदय हो गए शुक्र, 15 जुलाई तक लगातार है वैवाहिक मुहूर्त

# वैवाहिक मुहूर्त से लौटी बाजारों में रौनक, मांगलिक कार्य शुरू

हरिभूमि, जबलपुर

विवाह के मुहूर्त न होने से बाजार में सामान्य रहा, चुनावी शोर गुल के बाद अब जुलाई में 15 तक शादि के मुर्हुत भी है। इसके साथ ही रक्षा बंधन का त्यौहार भी अगस्त में आने वाला है, ऐसे में एक बार फिर से बाजारों में रौनक धीरे-धीरे लौट रही है। दुकानों पर खरीदी करने वालों की ग्राहाकी देखी जाने लगी है। वैसे तो शादी के दिन न होने से मई-जून बाजार में कारोबारी ठंडक वाले रहे। अगस्त तक सामान्य ग्राहकी का दौर रहेगा। हर साल बारिश के दिन व्यापारी के लिए स्टॉक अपडेट करने और डिफेक्टेड माल वापस करने के रहते हैं। बीते साल मई-जून में शादी ब्याह की उत्साह भरी ग्राहकी रही थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं रहा। कपड़ा हो, बर्तन हो या दीगर बाजार ग्राहकी कम रही। व्यापारियों का कहना है बारिश के सीजन में तो ग्राहकी इतनी कम हो जाती है कि छोटे कारोबारियों के लिए दुकान का खर्च, किराया, कर्मचारियों की पगार भी निकलना मुश्किल भरा हो जाता है। हालांकि जुलाई माह शुरू हो गया है, 3 से लेकर 15 जुलाई तक शादी के मुर्हुत भी है,जिसके चलते बाजारों में एक बार फिर से रौनक लौटती दिखने लगी है। मंगलवार के दिन बाजारों में लोगों ने कपड़ा, बर्तन, जूते, चप्पल की दुकानों पर भीड़ रही। व्यापारियों का कहना है कि क्योंकि 15 दिन की ग्राहाकी शेष है इसके बाद रक्षा बंधन का त्यौहार आ जाएगा, कुछ दिन हो सकता है माहौल ठंडा रहे, इसके बाद एक फिर से बाजारों में तेजी आऐगी।



जुलाई में शादियों का सीजन शुरू होते ही दो माह से ठंडे पड़े बाजार में एक बार फिर रौनक बढ़ने लगी है। बारिश के मौसम में खरीदार बाजार में नजर आ रहे हैं। रक्षा बंधन आने से पहले बाजार में बढ़ रही भीड़ से व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। वैसे तो हर साल बारिश में बाजार में मंदी आ जाती है लेकिन, इस बार मई-जून में शादी मुहूर्त नहीं होने से बारिश से पहले सुस्ती आ गई थी। इस बार रक्षा बंधन 19 अगस्त को है, इसलिए एक सप्ताह पहले से बाजार में उड़ाव आएगाी। विवाह आयोजनों में टेंट, केटरिंग, बर्तन, कपड़े, सहित दूल्हा-दुल्हन के साज-सजावट से जुड़ी सामग्रियों की खूब बिक्री होना शुरू हो गई है। कपड़ा व्यवसायियों ने बताया कि विवाह आयोजनों के लिए कपड़ों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है जिससे एक बार फिर नया स्टॉक बुलाया गया है। इसी तरह आभूषण ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि विवाह आयोजन के लिए लोग ज्वेलरी की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। करीब दो माह तक मैरिज गार्डन में कोई बुकिंग नहीं है। जुलाई में शादियों की शुरुआत के साथ ही अधिकांश मैरिज गार्डनों की बुकिंग की जा चुकी है। विवाह में अन्य जरूरी खरीददारी के साथ साथ इलेक्ट्रानिक दुकानों पर भी जमकर खरीदी की जा रही है, जहां लोग टीवी, फ्रिज, कुलर, वाशिंग मशीन, एलईडी, की खरीददारी करने शहर भर के विभिन्न शो रूम में लोगों द्वारा खरीददारी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स का पहले तिमाही राजस्व 27% बढ़ा



**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़ा। भारतीय और पश्चिम एशिया बाजारों में मजबूत प्रदर्शन इसकी मुख्य वजह रही। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में एकीकृत शुद्ध राजस्व 4,376 करोड़ रुपये था।

### जियो 25,331 करोड़ रुपए के एजीआर के साथ शीर्ष पर

Jio

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने मार्च, 2024 तिमाही में सबसे अधिक समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) 25,330.97 करोड़ रुपये दर्ज किया है। एजीआर के आधार पर सरकार स्पेक्ट्रम और लाइसेंस शुल्क की गणना करता है। भारती एयरटेल ने मार्च, 2024 तिमाही में अपने एजीआर में सबसे तेज वृद्धि देखी।

### एस्ट्राजेनेका विस्तार पर करेगी 250 करोड़ रुपए का निवेश

AstraZeneca

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अपने वैश्विक नवोन्मेषण एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के तमिलनाडु के चेन्नई में विस्तार करने के लिए 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वैश्विक स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने, दक्षता बढ़ाने और संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए लगभग 1,300 नौकरियां सृजित होंगी। कंपनी की विस्तारिक इकाई के

### एयरटेल ने जानकारी सेंध की खबरों को खारिज किया

airtel

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में सेंध की खबर को शुक्रवार को खारिज कर दिया। उसने कहा कि इस तरह का दावा ब्रांड की छवि को खराब करना का एक हताश प्रयास है। दूरसंचार कंपनी ने बयान में कहा, 'एक रिपोर्ट में एयरटेल के ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में सेंध का आरोप लगाया गया है।

### बनारस मर्केंटाइल का केंद्रीय बैंक ने किया लाइसेंस रद्द



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बनारस मर्केंटाइल सहकारी बैंक, वाराणसी की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के मद्देनजर उसका लाइसेंस रद्द कर दिया। आरबीआई ने लाइसेंस रद्द करते हुए कहा, बैंक चार जुलाई, 2024 को कारोबारी समय के बाद बैंकिंग कारोबार करना बंद कर देगा।' एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है।

### डेल मोंटे फूड्स ने कपूर को किया सीईओ नियुक्त

Del Monte Quality

**नई दिल्ली।** पैकेटबंद खाद्य खंड में काम करने वाली डेल मोंटे फूड्स ने बृहस्पतिवार को अभिनव कपूर को तत्काल प्रभाव से अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, वह डेल मोंटे फूड्स की वरिष्ठ नेतृत्व टीम का नेतृत्व करेंगे और दीर्घकालिक कारोबारी रणनीति तैयार करेंगे, जो कि भारती एंटरप्राइजेज और डेल मोंटे पैसिफिक के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

# महंगे प्याज, टमाटर से शाकाहारी थाली की कीमत 10 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट 'रोटी राइस रेट' के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है।

इसमें कहा गया कि शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये प्रति थाली हो गई, जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है।

## क्रिसिल ने जून माह के लिए जारी की रिपोर्ट

### उच्च तापमान से टमाटर की आवक घटी

कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश के प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में उच्च तापमान के कारण ग्रीष्मकालीन फसल में संक्रमण होने से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35 प्रतिशत कम हुई। रिपोर्ट में कहा गया, इसके अलावा रकबे में कमी के कारण चावल की कीमतों में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप आवक कम रही।



### दालों की कीमतों में 22 फीसदी तक वृद्धि

प्रमुख खरीफ महीनों में सूखे के कारण दालों की कीमतों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसकी कीमत 60.5 रुपये थी। मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी। इसमें सामग्री शाकाहारी थाली के समान होती हैं, लेकिन दाल की जगह चिकन होता है।

### बेमौसम बारिश से पैदावार कम

रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30 प्रतिशत, आलू में 59 प्रतिशत और प्याज में 46 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में भारी गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश के कारण आलू की पैदावार कम हुई।

### ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत 14 फीसदी घटी

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में करीब 14 प्रतिशत की कमी, अधिक आपूर्ति और चारे की कम लागत के कारण मांसाहारी थाली की लागत में कमी आई है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर दी जानकारी

# रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया तथा यह 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपए था।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार अधिक अनुकूल व्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध है।

### नीतियों का सफल कार्यान्वयन

रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, '' रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन के आधार पर, 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है।''

## देश ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में सर्वाधिक वृद्धि हासिल की

### डीपीएसयू का योगदान बढ़ा

इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बयान में कहा गया, सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।





- मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि दर्ज
- वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित होगा भारत

### हर साल नया कीर्तिमान स्थापित

सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों तथा रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित भारतीय उद्योग व निजी उद्योग को बधाई दी। उन्होंने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम हर साल नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।''

### आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान

मंत्रालय ने कहा यह उपलब्धि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आधार पर आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक का सबसे अधिक वीओपी हासिल हुआ है।

### रक्षा निर्यात 32 फीसदी से अधिक बढ़ा

इसके अलावा बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया। यह गत वित्त वर्ष में 15,920 करोड़ रुपये था।

### 20.8 फीसदी योगदान निजी क्षेत्र का रहा

रक्षा मंत्रालय ने कहा, '' 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से करीब 79.2 प्रतिशत योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8 प्रतिशत का योगदान निजी क्षेत्र का रहा। आंकड़े दर्शाते हैं कि निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है।

# स्टार्टअप से एंजल कर हटाने की सिफारिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





- डीपीआईआईटी के सचिव ने दी जानकारी
- वित्त मंत्रालय का अंतिम निर्णय आना बाकी

उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने केंद्रीय बजट आने से पहले स्टार्टअप कंपनियों पर से एंजल कर हटाने की सिफारिश की है। लेकिन इस पर वित्त मंत्रालय अंतिम निर्णय करेगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह बात कही है।

आयकर विभाग ने पिछले साल सितंबर में नए एंजल कर नियमों को अधिसूचित किया था जिसमें निवेशकों को गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप की तरफ से जारी शेयरों का मूल्यांकन करने की एक व्यवस्था भी शामिल है।

उचित बाजार मूल्य से ऊपर किसी स्टार्टअप के शेयरों की बिक्री से हासिल पूंजी पर लगने वाले कर को एंजल कर कहा जाता है। पहले एंजल कर केवल स्थानीय निवेशकों पर लागू होता था लेकिन पिछले वित्त वर्ष के बजट ने विदेशी निवेश को शामिल करने के लिए इसका दायरा बढ़ा दिया था।

डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार सिंह ने यहां एंजल कर हटाने की उद्योग की मांग से संबंधित एक सवाल पर कहा, 'स्टार्टअप परिवेश के साथ परामर्श के आधार पर हमने पहले भी इसकी सिफारिश की है और मुझे लगता है कि हमने इस बार भी इसकी सिफारिश की है, लेकिन अंततः वित्त मंत्रालय इस पर एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाएगा।', अतिरिक्त प्रीमियम को 'स्त्रोतों से आय' माना जाएगा।

### टेस्ला की ओर से अभी कोई संकेत नहीं

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार (ईवी) कंपनी टेस्ला के भारत आने से संबंधित सवाल पर सिंह ने कहा, 'हमने उनसे आखिरी बार आम चुनाव के नतीजों की घोषणा वाले सप्ताह में सुना था। भारी उद्योग मंत्रालय की तरफ से ईवी के लिए जारी दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। मुझे लगता है कि उनके पास और सवाल हो सकते हैं।'

# निफ्टी का नया रिकॉर्ड पर सेंसेक्स फिसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में नए शिखर पर बंद हुआ लेकिन रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रहा बीएसई सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ 80,000 के स्तर से नीचे आ गया।

बाजार में कारोबार उतार-चढाव से भरा रहा। सत्र के अधिकांश हिस्से में बाजार खासे नुकसान में था लेकिन अंतिम घंटे की लिवाली आने से स्थिति थोड़ी बेहतर हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक गिरकर 79,996.60 पर बंद हुआ। हालांकि निफ्टी 21.70 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,323.85 के अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ने इस सप्ताह कुल 963.87 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की उछाल दर्ज की। निफ्टी भी कुल 313.25 अंकों की तेजी हासिल करने में सफल रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'निफ्टी दिन भर नकारात्मक दायरे में रहा। लेकिन सत्र के आखिरी आधे घंटे में आई तेजी से यह हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।'



- बीएसई सूचकांक 80 हजार के स्तर से नीचे आया
- कारोबार के अंतिम घंटों में बाजार में तेजी आई

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले इंडिया, पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और सन फार्मास्यूटिकल्स के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

# सेल 6,500 करोड़ रुपए का करेगी पूंजीगत व्यय

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

- सेल के चेयरमैन अमरेंदु ने दी जानकारी
- कुछ वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश की योजना

सेल SAIL

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में 6,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि यह अगले कुछ वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना का हिस्सा है।

भारतीय इस्पात संघ द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रकाश ने कहा कि इस्पात उद्योग ने सरकार से चीन द्वारा भारत में सस्ती धातु की 'डंपिंग' को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की मांग की है और उम्मीद जतायी कि इस समस्या से निपटने के लिए उपाए किए जाएंगे। चेयरमैन ने कहा, 'इस वर्ष पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 6,500 करोड़ रुपये है। हम अपनी सुविधाओं के रखरखाव के साथ-साथ बाधाओं को दूर करने के लिए नियमित पूंजीगत व्यय भी करते हैं। अधिकतर हिस्सा (2030 तक एक लाख करोड़ रुपये) वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होगा।' अगले तीन से चार वर्षों में नई परियोजनाओं तथा पुरानी परियोजनाओं के विस्तार के लिए अपने संयंत्रों में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना के बारे में पहले ही सूचित किया था।

*डंपिंग रोधी शुल्क अगले पांच साल के लिए बढ़ा*

*खबरों के अनुसार, पिछले वर्ष भारत ने कुछ चीनी इस्पात पर 'डंपिंग' रोधी शुल्क को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। किसी देश के सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचने पर 'डंपिंग' रोधी शुल्क लगाया जाता है।*

# पेरिस के गैलरीज लाफायेट में यूपीआई भुगतान शुरू





**लंदन/पेरिस।** भारत ने प्रतिष्ठित एफिल टावर में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की सफल शुरुआत के बाद पेरिस के ऐतिहासिक डिपार्टमेंटल स्टोर गैलरीज लाफायेट में भी इसे शुरू किया है। यह महत्वपूर्ण कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूपीआई का वैश्वीकरण करने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में है। यूपीआई 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित एक भारतीय त्वरित भुगतान प्रणाली है। बयान में कहा, 'यूपीआई पेरिस के हॉसमैन में विश्व प्रसिद्ध गैलरीज लाफायेट के प्रमुख स्टोर पर तीन जुलाई, 2024 को शुरू हो गया। प्रतिष्ठित एफिल टावर पर सफल शुरुआत के बाद यह पेरिस में यूपीआई की स्वीकार्यता का विस्तार करता है।'

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- समाप्त सप्ताह में घटकर 651.99 अरब डॉलर पर
- विदेशी मुद्रा आस्तियों में भी गिरावट

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 जून को समाप्त सप्ताह में 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा। पिछले सप्ताह, कुल मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। इस साल सात जून को भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 28 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.25 अरब डॉलर घटकर 572.88 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

*आईएमएफ में आरक्षित जमा बढ़ा*

*विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.01 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 10 लाख डॉलर बढ़कर 4.57 अरब डॉलर रहा।*

## कोयले ने मई में दर्ज की 10.2 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के सभी आठ प्रमुख उद्योगों में कोयला क्षेत्र ने मई में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। सरकार ने कोयला उद्योग का सूचकांक मई माह के दौरान 184.7 अंक पर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी माह के दौरान यह 167.6 अंक था। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा, 'वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक (आईसीआई) (आधार वर्ष 2011-12) के अनुसार, मई 2024 के महीने के लिए आठ प्रमुख उद्योगों में बिजली उद्योग के बाद कोयला क्षेत्र ने 10.2 प्रतिशत (अस्थायी) की सबसे अधिक वृद्धि प्रदर्शित की है।' वृद्धि के पीछे मुख्य वजह कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी को माना जा सकता है। उत्पादन में यह वृद्धि ऊर्जा और विनिर्माण उद्योगों की बढ़ती मांग को पूरा करने की क्षेत्र की क्षमता बताती है।

### आरबीआई के कार्यकारी निदेशक ने कहा, महिलाओं की कम भागीदारी

# केवल सात फीसदी ऋण महिला उद्यमियों को मिला

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यकारी निदेशक नीरज निगम ने शुक्रवार को कहा कि श्रमबल में महिलाओं की कम भागीदारी वित्तीय समावेशन के प्रयासों और व्यापक आर्थिक वृद्धि में एक बड़ी बाधा है।

- एमएसएमई से महिलाओं को अधिक कर्ज देने की जरूरत

निगम ने कहा कि महिलाओं को अधिक कर्ज देने की भी जरूरत है। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को दिए जाने वाले कुल ऋणों में से केवल सात प्रतिशत ही महिलाओं की अगुवाई वाले उद्यमों को आवंटित किया गया।

**श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 32.8 फीसदी** : निगम ने कहा, ''वित्तीय समावेशन और आर्थिक वृद्धि तथा विकास की राह में आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की अधिक भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 32.8 प्रतिशत और पुरुषों की 77 प्रतिशत से अधिक थी।

### रूढ़िवादी सोच अपनाई जाती है

निगम ने कहा कि आपूर्ति संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के बाद मांग पक्ष के कुछ मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें पूंजी का निम्न स्तर, श्रम भागीदारी, सामाजिक मानदंड जैसे संरचनात्मक मुद्दे शामिल हैं। निगम ने कहा कि वित्तपोषकों द्वारा महिला उधारकर्ताओं को लेकर कुछ 'रूढ़िवादी सोच' भी अपनाई जाती है।



*पीएम जन-धन योजना से मदद मिली : आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने नीति आयोग और ट्रांसयूनियन सिबिल की तरफ से आयोजित 'वित्तपोषण महिला सहयोग' सम्मेलन में वित्तीय सेवाओं तक पहुंच पर संतोष जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) जैसी पहलों से इसमें मदद मिली है।*

### उद्यमों में महिलाओं की हिस्सेदारी काफी कम

कार्यकारी निदेशक ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को दिए गए ऋण में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल सात प्रतिशत है। यह अनुपात एमएसएमई में करीब पांचवां हिस्सा महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों का होने की तुलना में बहुत कम है।

### महिलाओं को कर्ज जोखिम वाला समझा जाता है

महिलाओं को कर्ज अधिक जोखिम वाला समझा जाता है लिहाजा ब्याज दरें बढ़ जाती हैं। ऐसे में गिरवी रखकर कर्ज देने या कर्ज आवेदनों को सिरे से नकार देने की प्रवृत्ति देखी जाती है। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों को कम करने के बाद आरबीआई ने वित्तीय समावेशन पर पहल शुरू की है।

### सोना 200 रुपए मजबूत, चांदी में 350 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 200 रुपये की तेजी के साथ 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 350 रुपये बढ़कर 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

चिंतन

# कीर के सामने होगी भारत से रिश्ते सुधारने की चुनौती

ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तित हो गई है। पिछले 14 वर्ष से अधिक समय से सत्तासीन कंजर्वेटिव पार्टी को करारी हार मिली है, जबकि प्रमुख विरोधी दल लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधानमंत्रित्व में यूनाइटेड किंगडम में कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार थी। सुनक ऐसे समय में पीएम बने थे, जब यूके की अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही थी, महंगाई चरम पर थी। इस हालात के कारण ही उनके पूर्ववर्ती लिज ट्रस महज 40 दिन ब्रिटेन की पीएम रह पाई थीं, उससे पहले बोरिस जॉनसन सत्ता संभाल रहे थे, पार्टीगेट कांड के चलते बोरिश को पद छोड़ना पड़ा था। सुनक कठिन समय में आकर ब्रिटेन को संभाला। वे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लेकर आए, महंगाई पर अंकुश लगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कंजर्वेटिव या टोरी सरकार पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं के आरोप लगने लगे थे। ये आरोप बढ़ते ही जा रहे थे। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की समस्या और प्रवासी समस्या से सुनक सरकार ठीक से नहीं निपट पा रही थी। इसके साथ ही 14 वर्ष की एंटीइन्कम्बेन्सी का भी सुनक को सामना करना पड़ा। एक यह भी कारण लगता है कि हिंदुत्व के प्रति मुखर होकर अपनी बात रखने के चलते बहुसंख्यक मतदाता के बीच सुनक ने अपनी चमक खोई हो। इस तरह अनेक कारण थे कि कंजर्वेटिव पार्टी को 200 वर्ष की सबसे बड़ी शिकस्त मिली। लेबर पार्टी के कलेवर व तेवर बदलने वाले कीर स्टॉर्मर को प्रचंड जनादेश का मतलब साफ है कि ब्रिटिश जनता कंजर्वेटिव सत्ता से उब चुकी थी और बदलाव चाहती थी। अब यूके की कमान 61 वर्षीय कीर स्टॉर्मर के हाथ में होगी, लेकिन उनके लिए यह कांटों भरा ताज होगा। ब्रिटेन की आर्थिक हालत ठीक नहीं है, सिस्टम में भ्रष्टाचार व्याप्त है, अवैध प्रवासियों की समस्या है, महंगाई उच्च स्तर पर है, बेरोजगारी बढ़ी है, एनएचएस अस्पतालों में कम सम कम 44 दिनों की प्रतीक्षा है, टैक्स के मुद्दे हैं, ब्रेग्जिट (यूरोपीय यूनियन से अलग होने) के बाद के प्रभाव उबरना है। इन सबसे स्टॉर्मर सरकार को निपटना होगा। यूके पर अमेरिका का पिछलग्गू होने का ठप्पा लगा हुआ है। ब्रिटेन के नए पीएम कीर स्टॉर्मर को नए सिरे से ब्रिटेन को संभालना होगा और जनता के लिए राहत की जमीन तैयार करनी होगी। बड़ा सवाल है कि नए ब्रिटिश पीएम कीर स्टॉर्मर की सरकार की भारत के साथ किस तरह के संबंध होंगे? पूर्व में लेबर पार्टी के मुखिया रहे जर्मी कॉर्बिन के कश्मीर के खिलाफ विवादास्पद बयानों के चलते उनकी पार्टी के भारत से संबंध तल्ख रहे हैं। हालांकि कीर स्टॉर्मर की राय जर्मी के समय भी अलग थी, वे भारत के महत्व को अधिक समझते थे। इसलिए जब वे लेबर पार्टी के मुखिया बने, तब से उनकी पार्टी ने कोई भी भारत विरोधी बयान नहीं दिया। स्टार्मर ने अपनी पार्टी को जनादेश मिलने पर भारत संग मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) समेत नई रणनीतिक साझेदारी का संकल्प जताया था। एफटीए अंतिम चरण में है। उम्मीद है जुलाई में इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। कीर के लिए यह भारत से संबंध सुधारने का मौका भी होगा। लेबर पार्टी ने अपने घोषणापत्र में भारत के साथ सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने का वादा किया है। इस चुनाव में दो दर्जन से अधिक भारतीय मूल के लोगों को जीत मिली है, स्टॉर्मर को ब्रिटिश भारतीयों के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को नए सिरे से आकार देने की कोशिश करनी होगी। कीर काल में भारत-ब्रिटेन के रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद कर सकते हैं।



ब्रिटिश चुनाव
भावना सिंह

# 14 वर्ष बाद लेबर युग की वापसी

> ब्रिटेन के आम चुनाव में निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां की राजनीति के इतिहास में एक नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि वहां पर सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला है। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे और समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया और वे उन मुद्दों से काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर विश्वास है कि वे इस सफर पर आने वाली तमाम चुनौतियों का बखूबी सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट दिया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों, पर बहुत कम अंतर से? इस चुनाव में उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत और भी खराब रही थी। वे शुरूआत के दो राउंड तक तो पीछे ही रहे थे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्योहारों पर लोगों को जुटना होता है। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं, पर वो लोग-समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कई उम्मीदवारों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के



मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फलां समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था, पर जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखे हैं। हालांकि, ब्रिटेन में आम चुनावों के परिणामों के बाद वहां के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए और लंदनवासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्त्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार



भारत के मध्यप्रदेश राज्य में कटनी से करीबन 34 किलोमीटर की दूरी पर मुहास गांव में स्थित हनुमान का मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है।

उपलब्धि
योगेश कुमार गोयल




# अहम खोजें कर रहा चंद्रयान-3

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के जरिये 23 अगस्त 2023 को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अविस्मरणीय अध्याय लिखते हुए ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा था। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के मैन्जिनस सी और सिम्पेलियस एन क्रेटर के बीच 70.8 डिग्री दक्षिण अक्षांश पर लैंडिंग की थी, जो दक्षिणी ध्रुव से करीब 600 किलोमीटर दूर स्थित है। भारत को छोड़कर अभी तक दुनिया का कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो चांद के दक्षिणी ध्रुव को छू सका हो। चंद्रयान-3 ने चांद से जुड़ी कई अहम जानकारियां इसरो के वैज्ञानिकों तक पहुंचाई हैं, जिसने चांद को समझने में अहम योगदान दिया है। हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 के रोवर को लेकर खुशखबरी देते हुए बताया है कि प्रज्ञान रोवर ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भेजी है, जिससे प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार विक्रम लैंडर के जरिये चंद्रमा पर पहुंचे प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के शिवशक्ति बिंदु के पास कई अहम खोजें की हैं, जो उस इलाके में मौजूद चंद्रमा की चट्टानों के टुकड़ों और उनकी उत्पत्ति से जुड़ी हुई हैं। इसरो के मुताबिक प्रज्ञान रोवर ने लैंडिंग स्थल पर छोटे गड्ढों के रिम, दीवार, ढलानों और फर्श के आसपास फैले छोटे चट्टान के टुकड़े देखे। इसरो के वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रज्ञान रोवर द्वारा की गई इस खोज के ये परिणाम चंद्र अन्वेषण में बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं क्योंकि ये उन पिछले अध्ययनों का समर्थन करते हैं, जो चंद्र रेगोलिथ के अंदरूनी हिस्से में चट्टान के टुकड़ों के धीरे-धीरे मोटे होने का अनुमान लगाते हैं। वैज्ञानिकों ने अब यह खुलासा किया है कि चंद्रयान-3 की नई खोज में पता चला है कि जब प्रज्ञान रोवर शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम की ओर करीब 39 मीटर आगे बढ़ा था तो वहां पर जो चट्टानें उसे मिली, उनकी संख्या और आकार में काफी बढ़ोतरी थी। चंद्रमा पर चलने के दौरान, प्रज्ञान को चट्टान के छोटे-छोटे टुकड़े मिले थे, जिनकी लंबाई एक सेंटीमीटर से लेकर 11.5 सेंटीमीटर तक है। खोज में यह भी पता चला है कि इन चट्टानों में से किसी का भी व्यास दो मीटर से ज्यादा नहीं था। अध्ययन के अनुसार शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम में मौजूद करीब दस मीटर व्यास का गड्ढा इन चट्टानों का स्त्रोत हो सकता है। इसी ने चट्टानों को आसपास के इलाकों में फिर से विभाजित कर दिया, जो समय के साथ वहीं दब गई, लेकिन प्रज्ञान ने इन्हें ढूंढ निकाला। वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रज्ञान द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण खोज के बाद अब उस इलाके में मौजूद चांद की चट्टानों के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सकती है और ऐसे में दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए चांद को समझना अब और आसान हो जाएगा। चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चांद से चट्टानों के टुकड़े या अन्य नमूने धरती पर लाना नहीं था, बल्कि इसे निर्धारित अवधि तक चांद पर रहकर ही अनुसंधान करने के लिए डिजाइन किया गया था और इस मिशन की सफलता भारत के लिए बड़े गर्व का विषय है। हालांकि हाल ही में चीन चंद्रमा से मिट्टी और चट्टानों के कुछ टुकड़ों सहित कुछ नमूने धरती पर लाने में सफल हुआ है। अब इसरो जोर-शोर से चंद्रयान-4 मिशन को अंजाम देने के कार्य में जुट गया है। हाल ही में इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा भी है कि 'चंद्रयान-4' 'शिव शक्ति' बिंदु से पृथ्वी पर चंद्र नमूने वापस लाएगा। बहरहाल, यदि इसरो चंद्रयान-4 मिशन के जरिये चांद के दक्षिणी ध्रुव से चट्टानों, मिट्टी सहित अन्य तत्वों के नमूने धरती पर लाने में सफल रहता है तो इसरो के इतिहास में यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और इसरो का यह मिशन उसकी अंतरिक्ष उड़ान में मील का पत्थर साबित होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## अहंकार ही व्यक्ति के समस्याओं का कारण है



संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

सटाका




आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद जी को आदर्श बनाएं युवा

चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि थी। उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था। रामकृष्ण परमहंस ने इन्हें प्रभु पूजा और मानवता की सेवा करने की शिक्षा दी और स्वामी जी ने इस शिक्षा का पालन करते हुए, अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाया। रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था, 'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो स्वामी विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।' स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं। स्वामीजी ने एक बार अपने भाषण में युवाओं से कहा था कि यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम का नाश कर डालो।

- विकास वर्मा, महासमुंद

ट्रेंड

### सुनक का धन्यवाद



ऋषि सुनक यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### धन को केंद्रित कर रहा एआई



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विनियमन से आगे निकल रहा है, शक्ति असंतुलन को बढ़ा रहा है, धन को और अधिक केंद्रित कर रहा है और मानवाधिकारों को कमजोर कर रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### घोषणा करते हुए खुशी



यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पुरी की तरह, हम पश्चिम बंगाल में भी दीघा में भगवान जगन्नाथ के लिए एक गौरव-प्रेरक मंदिर परिसर का निर्माण कर रहे हैं। यहां भगवान, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा भी होगी, रथयात्रा भी मनाई जाएगी।

-ममता बनर्जी, सीएम बंगाल

### सेल फोन यूजर्स पर भार



बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

करंट अफेयर

## इजराइल ने जेनिन शहर में सैन्य अभियान चलाया

इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसकी ओर से की जा रही आतंकवाद रोधी कार्रवाई में पश्चिमी तट के शहर जेनिन के इलाके में किया गया हवाई हमला भी शामिल है। फलस्तीन अधिकारियों ने बताया कि चार लोग मारे गए हैं। सेना ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने उस इमारत को घेर लिया जहां आतंकवादी छिपे थे और इसके बाद सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जबकि एक हवाई हमले में क्षेत्र के "कई सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना' बनाया गया। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों की मौत हुई है, लेकिन उनकी पहचान के संबंध में कोई जनकारी नहीं दी गई। जेनिन में यह झड़प इजराइल बस्ती विरोधी निगरानी समूह के एक दिन पहले दिये गये उस बयान के बाद हुई है जिसमें कहा गया था कि सरकार के कब्जे वाले पश्चिमी तट की बस्तियों में करीब 5300 नए घर बनाने की योजना है। जेनिन को उग्रवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है जहां सेना अक्सर अभियान चलाती है।




ऑफ बीट

## हृदय रोगियों को स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी कम



एक नया अध्ययन हृदय रोगों के प्रबंधन में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। हृदय संबंधी बीमारियाँ दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। जो मरीज़ हृदय संबंधी किसी घटना (जैसे कि दिल का दौरा) से गुज़रे हैं, वे अक्सर खुद को लक्षणों, दवाओं और जीवनशैली समायोजन के जटिल चक्रव्यूह से गुजरते हुए पाते हैं। इस यात्रा में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, शोधकर्ताओं की हमारी अंतरराष्ट्रीय टीम ने विश्व स्तर पर हृदय रोगियों की विशिष्ट सूचना आवश्यकताओं की पहचान करने की कोशिश की। हमारे अध्ययन में हृदय रोगियों की शीर्ष सूचना आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एक मान्य पैमाने, कार्डियक रिहैबिलिटेशन (आईएनसीआर-एस) में सूचना आवश्यकताओं का उपयोग किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी छह क्षेत्रों में फैले विभिन्न देशों में प्रशासित और विभिन्न आय वर्गों को शामिल करते हुए, पैमाने ने मरीजों की सूचना आवश्यकताओं का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# कटप्पा ने शुरू की सलमान की 'सिकंदर' की शूटिंग...

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म में 'बाहुबली' के कटप्पा यानी एक्टर सत्यराज भी नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि वे इसमें खलनायक का किरदार अदा करेंगे। उन्होंने भी शूटिंग शुरू कर दी है। सेट से निर्माताओं ने सत्यराज के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इसके अलावा प्रतीब बब्बर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मेकर्स ने प्रतीक और सत्यराज दोनों का सेट पर स्वागत किया है। इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण के लोकप्रिय निर्देशक एआर मुरुगडस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की गई है। इसमें तीन तस्वीरे हैं।

## लाइफ Style

# दीपिका
## 'विपरीत करणी' आसन के बताए फायदे


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। वे गर्भवती हैं और गर्भविस्था का सातवां महीना चल रहा है। इस दौरान वे सोशल मीडिया पर भी पहले से अधिक सक्रिय हैं और अपनी दिनचर्या के बारे में फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसे देख लोग हैरान हैं। अभिनेत्री वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, वह भी ऐसा आसन, जिसे गर्भावस्था में करना शायद लोग ठीक न मानें! लेकिन, दीपिका ने इसके फायदों से रूबरू कराया है। हालांकि, जब मैं कसरत नहीं कर पाती तो मैं इस सरल आसन का अभ्यास पांच मिनट जरूर करती हूं। मैं इसे हर दिन करती हूं, चाहे मैं कसरत करूं या नहीं। खासकर फ्लाइट से यात्रा करने के बाद या यूं ही तनाव कम करने के मामले में यह आसन बहुत ही उपयोगी है। आप भी मेरे साथ डेली सेल्फ केयर प्रैक्टिस से जुड़ सकते हैं। विपरीत करणी आसन में पीठ के बल लेटकर पैरों को दीवार के सपोर्ट से ऊपर उठाकर सीधा रखा जाता है। दीपिका ने लिखा, 'संस्कृति में 'विपरीत' का अर्थ है 'उलटा' और 'करणी' का अर्थ है 'कार्रवाई में'। अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। नर्वस सिस्टम ठीक से काम करता है, और इम्यूनिटी बढ़ती है। दीपिका ने आगे लिखा कि यह प्राचीन आसन बहुत लाभकारी है, खासकर हमारी तनावपूर्ण और व्यस्त दुनिया में यह बेहद मददगार है'।



## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल के किरदार को लेकर डर था

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में डेडपूल की अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। डिज्नी और फॉक्स के विलय के कारण अभिनेता को लगा था कि वह फिर से सुपरहीरो की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। डेडपूल और वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि उन्हें डेडपूल की ड्रेस दोबारा न पहनने का डर क्यों था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि ऐसा किरदार एमसीयू में कैसे फिट होगा।




# ह्यू जैकमैन ने की केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ

**लॉस एंजिलिस।** ह्यू जैकमैन ने फिल्म एक्स मेन के लिए ऑडिशन दिया था। उनका वो ऑडिशन काफी खराब गया था। उन्होंने हाल में इस ऑडिशन को याद करते हुए केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ की है। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसमें वह रयान रेनॉल्ड्स के साथ स्क्रीन साझा करते हुए दिखाई देंगे। ह्यू जैकमैन ने कई बार स्क्रीन पर वॉल्वरिन बनकर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। मगर अब ये कल्पना करना वाकई काफी मुश्किल होगा कि ह्यू जैकमैन मार्वल फिल्मों में वॉल्वरिन का किरदार निभाएं। हालांकि ऐसा कुछ तय नहीं हुआ था। मगर उन्होंने मार्वल स्टूडियो की फिल्म के लिए एक बार ऑडिशन दिया था।



# साझा की शादी की नई झलकियां...

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड, फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के साथ एक भव्य समारोह में शादी कर ली है। हाल ही में. एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, आयरा ने अपनी शादी के जश्न के कुछ सबसे प्यारे पलों को साझा किया है और उन लोगों के प्रति अभार व्यक्त की जिन्होंने उनकी शादी की प्लानिंग अच्छे से की। आयरा ने इस अनुभव को दोबारा जीने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि यदि वे कभी ऐसा दोबारा करेंगे तो वे चाहेंगी कि इसमें वही लोग शामिल हों, क्योंकि उनके बिना यह अनुभव वैसा नहीं होगा। आयरा के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे नहीं लगता कि हमारा कभी इतना ख्याल रखा गया होगा। योजना और रेकी से लेकर शादी तक। सभी कर्मचारियों ने जो देखभाल, उत्साह और रुचि दिखाई, वह दिल को छू लेने वाली थी।'




# ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार श्रीकांत

**मुंबई।** राजकुमार राव, अलाया एफ और ज्योतिका अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही लोगों का खूब दिल जीता है। प्रशंसक दृष्टिहीन श्रीकांत बोला के रूप में राजकुमार राव की प्रशंसा कर रहे हैं। अगर दर्शक इस मास्टरपीस को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए हैं तो अब उन दर्शकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। फिल्म अब ओटीटी पर भी धूम मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसकी आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद 'श्रीकांत' अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। नेटफ्लिक्स इस साल मई में रिलीज होने के बाद 5 जुलाई को राजकुमार राव अभिनीत फिल्म को रिलीज करेगा। बायोपिक बोलंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक और दृष्टिबाधित उद्यमी श्रीकांत बोला की कहानी है।

## टीवी मसाला




# हिना खान को एकता कपूर ने बताया 'हीरो'

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में खुलासा किया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर कर सभी को बताया कि वह तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करा रही हैं। उनके बताने के बाद से ही उन्हें इंडस्ट्री में उनके दोस्तों और फैंस का भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने उन्हें 'फाइटर' कहा था और अब एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर हिना खान को अपना 'हीरो' बताया है। एकता ने हिना खान के लिए पोस्ट शेयर किया और एक्ट्रेस की वीडियो लगाकर उसमें कैप्शन में उन्हें 'मेरी हीरो' कहा है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हिना खान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस कैंसर का पता चलने के बावजूद एक अवॉर्ड नाइट में शिरकत करती नजर आ रही हैं। एकता ने एक लिखा- 'स्टार, सुपरस्टार!!!! सच में मेरी हीरो हिना खान।' अब हिना खान ने एकता कपूर को थैंक्स बोलते हुए कहा, 'एक असली क्वीन दूसरों को हिम्मत देती है और जब से आपको पता चला है तब से आप मुझे हिम्मत दे रहे हो। जिस तरह से आप मेरा ध्यान रखते हैं उससे और मुझे ताकत मिलती है। एकता कपूर, लव यू।'

## 'जो मैं कर चुकी हूं, वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं'...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उनकी हर एक अदा पर फैंस कायल हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर श्वेता अपने हुस्न का जलवा दिखाती रहती है। श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के सीरियल 'कसौटी जिंदगी से' शुरुआत की थी। इस शो मे एक्ट्रेस को खूब पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके बाद से श्वेता ने कई हिट सीरियल किए और उन्होंने अपनी घर-घर में पहचान बना ली। 'बिग बॉस' सीजन 4 की विनर रह चुकीं श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में श्वेता ने बताया कि, 'जो मैं कर चुकी हूं, मैं वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं। अगर आप आज टीवी देखो तो हर चीज सेम चल रही है। मैं तो अब टीवी देखना भी पसंद नहीं करती हूं. मम्मी-पापा देखते थे तब मैं भी देखती थी, लेकिन अब टीवी में पता नहीं क्या ही जादू की तरह चीजें दिखाई जा रही हैं।





# अक्षय-राधिका की रोमांटिक केमिस्ट्री करवाएगी सरफिरा को हिट..!

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का एक और गाना रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में आपको अक्षय कुमार और राधिका मदान की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। राधिका का महाराष्ट्रियन लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। गाने में अक्षय राधिका को अप्रोच करते नजर आ रहे हैं। साफ है कि इनकी एक प्यारी सी लव स्टोरी फिल्म की कहानी का हिस्सा होगा। अब राधिका मदान के हाथ कितना काम लगता है ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही सामने आएगा। ये फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है गाने की बात करें तो इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और इसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है। अक्षय कुमार ने गाना अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया तो फैन्स का भी खूब प्यार मिला। ज्यादातर लोग लीड स्टार्स की केमिस्ट्री को खासा पसंद कर रहे हैं। राधिका के साथ अक्षय कुमार की पेयरिंग काफी फ्रेश लग रही है। राधिका ने भी इस तरह का रोल पहली बार ही किया है। साड़ी वाले फुल एथनिक मराठी लुक उनपर सूट कर रहा है।

वजह का अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

# अमजद खान से कई साल तक नफरत करते रहे अभिषेक बच्चन

**नई दिल्ली।** 80 के दौर में अमिताभ बच्चन और अमजद खान की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया था। दोनों ने शोले, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, याराना सत्ते पे सत्ता, लावारिस जैसी दर्जनों हिट फिल्में दी। किसी फिल्म में अमजद खान को सपोर्टिंग हीरो, तो किसी में निगेटिव रोल भी मिला, लेकिन बचपन में अमिताभ बच्चन के बेटे अमजद खान को बुरा आदमी समझते थे और उनसे बहुत डरते भी थे। इस बात का खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने संजय दत्त के सामने किया। इंस्टाग्राम पर केबीसी का एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ संजय दत्त बैठे हुए हैं और अमिताभ बच्चन अपने दौर का एक किस्सा सुना रहे हैं और बता रहे हैं कि जब मेरा बेटा अभिषेक छोटा था, तो वो मेरे दोस्त अमजद खान से बहुत नफरत करता था। उसे लगता था कि वह बड़े पर्दे पर निगेटिव रोल निभाते हैं, इसलिए बुरे आदमी हैं। एक बार जब किसी पार्टी में अमजद खान और अमिताभ बच्चन एक साथ बात कर रहे थे, तो उसे देखकर अभिषेक बहुत डर गए और उन्हें लगा कि अब यहां लड़ाई-झगड़ा होने वाला है। ये किस्सा सुनकर हॉट सीट पर बैठे संजय दत्त भी हंसने लगे।



**70 से 80 तक खूब चली अमजद और अमिताभ की जोड़ी**

अमिताभ बच्चन और अमजद खान सबसे पहले फिल्म शोले में एक साथ नजर आए थे, यह फिल्म 1975 में रिलीज हुई थी और सुपर डुपर हिट फिल्म रही थी। इसके अलावा 1977 में वह परवरिश फिल्म में नजर आए थे। 1978 में गंगा की सौगंध, 1979 में सुहाग, खून पसीना, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, सत्ते पे सत्ता, याराना, कालिया, मिस्टर नटवरलाल जैसी कई फिल्मों में अमिताभ बच्चन अमजद खान के साथ काम कर चुके हैं और दोनों जिगरी यार भी रहे हैं। लेकिन उनका लुक और बड़े पर्दे पर उनका किरदार देखकर अभिषेक बच्चन उनसे डरते थे।

## किसी ने झेली परिवार की नाराजगी तो किसी ने छोड़ा घर

# परिवार से बगावत कर अभिनय की दुनिया में आए ये सितारे

***नई दिल्ली।** अभिनय की चकाचौंध दुनिया में कलाकार बनने का सपना लिए कई लोग आते हैं। कई लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर और शानदार अदाकारी के साथ अभिनय की दुनिया में अपना नाम कमाया है। आज बॉलीवुड में कई सितारों के अभिनय की तारीफ होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से कुछ सितारों को अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए परिवार की नाराजगी भी झेलनी पड़ी थी। चलिए आज हम आपको बताते हैं, उन सितारों के बारे में, जिन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए परिवार से बगावत तक कर ली थी।*



**इरफान खान :** बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक इरफान खान ने जब अभिनेता बनने की इच्छा जताई तो उन्हें अपने परिवार की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जयपुर के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले इरफान ने अपने जुनून को आगे बढ़ाया और रूढ़ियों से अलग हटकर काम किया। उनके असाधारण अभिनय कौशल और दमदार फिल्मों ने उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।



**करिश्मा कपूर :** एक प्रसिद्ध फिल्मी खानदान का हिस्सा होने के बावजूद करिश्मा कपूर को बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री प्रवेश करने के फैसले पर परिवार से विरोध मिला था। उनके पिता रणधीर कपूर का मानना था कि कपूर परिवार की किसी भी महिला ने फिल्म उद्योग में काम नहीं किया है और इसलिए वे करिश्मा के फिल्मी दुनिया में प्रवेश करने के फैसले के खिलाफ थे। अभिनेत्री ने 15 साल की छोटी उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।



**राधिका आप्टे :** राधिका आप्टे एक ऐसे परिवार से आती हैं, जहां उनके माता-पिता दोनों ही चिकित्सा पेशे का हिस्सा रहे हैं। उनका जन्म पुणे में हुआ था और उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक किया था, लेकिन प्रदर्शन कलाओं के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें फिल्म उद्योग में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता राधिका के अभिनेत्री बनने के उनके फैसले के खिलाफ थे। उनके पिता ने कथित तौर पर उनसे कहा कि यह एक दिमागहीन व्यवसाय है। हालांकि, राधिका अपने फैसले पर टिकी रहीं और अब वे बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।



**कंगना रणौत :** कंगना रनौत इंडस्ट्री की सबसे निडर, बोल्ड और मुखर अभिनेत्रियों में से एक हैं। जब उन्होंने फिल्मों में अपना करियर शुरू किया तो उनके परिवार ने उनका विरोध किया। एक छोटे से शहर में जन्मीं कंगना का बॉलीवुड में सफर संघर्ष और विरोध से भरा रहा। उनके पिता चाहते थे कि वे डॉक्टर बनें। हालाँकि, उन्होंने फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कम उम्र में ही घर छोड़ दिया। हालांकि, इससे उनके परिवार के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे।

# महंगाई का डबल अटैक

# मौसम व महंगाई ने बिगाड़ा किचन का बजट

## महंगाई के बीच टमाटर हुआ लाल, क्या खायें बाल गोपाल

## हरी सब्जियों और टमाटर के दाम 80 के पार, आगे और बढ़ेगी परेशानी





**जबलपुर।** बारिश का सीजन शुरू होते ही सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर है। स्थानीय सब्जी बाजार में टमाटर इन दिनों अपनी दामों के चलते आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहा है। इन दिनों टमाटर बाजार में 80 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है। यह दाम लोगों के लिए महंगाई का डबल अटैक की तरह है। लगातार बढ़ते सब्जियों के कीमत आने वाले दिनों में भी कम नहीं होने के आसार नहीं है। सब्जी बाजार में छह माह से अधिक समय से 20 से 30 रुपए प्रति किलो बिकने वाला टमाटर 80 रुपये किलो तक पहुंच गया है, वहीं गोभी भी 80 रुपए किलो बिक रहा है। जिले के हाट बाजारों से लेकर शहर की सब्जी मंडियों में इन दिनों लोकल सब्जियों की आवक नहीं के बराबर बनी हुई है। यहां की लोकल आवक अधिक होने से सब्जियों के दाम कम होते हैं लेकिन जिले के लोकल बाड़ियों में सब्जियां खराब होने से स्थानीय सब्जियों की आवक नहीं हो रही है।

### फिलहाल दाम कम होने के आसार नहीं

बाजार के एक सब्जी व्यवसायी ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक सब्जियों के दाम कम होने वाले नहीं हैं। यही वजह है कि लोगों को हरी सब्जियां महंगी कीमत पर ही खरीदनी पड़ेंगी। प्याज, खीरा, नींबू व टमाटर के बढ़े भाव ने तो थाली से सलाद ही गायब कर दिया। अमूमन सब्जी के साथ तड़का लगाने के लिए मिलने वाले धनिये का भाव तो सिर चढकर बोल रहा है कि लोग भाव पूछकर ही आगे बढ़ रहे हैं। इस महंगाई की रेस में आलू भी पीछे नहीं है। आलू का दाम 35 से 40 पहुंच गया है।

### सब्जी खरीदना हो रहा मुश्किल

सब्जियों के दाम लगातार बढ़ने से घर की रसोई का बजट बिगड़ गया है। शहर के सुखलाल सिंह का कहना है कि हरी सब्जियों के बढ़ते दामों ने खाने का स्वाद बिगाड़ दिया है। टमाटर से लेकर गोभी तक की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। ऐसे में सब्जी खरीदना मुश्किल हो रहा है। टमाटर का दाम बाजार में 80 से 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। ऐसे में सब्जी के साथ सलाद भी थाली से गायब हो गया। बढ़ती महंगाई व सब्जी की कीमतों में भारी उछाल ने खाने की थाली का स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है।

### सब्जियों की कीमत एक नजर

टमाटर 80- 100 रुपये प्रति किलो गोभी 60-80 रुपये प्रति किलो पत्ता गोभी 40-50 रुपये प्रति किलो हरी मिर्च 80-120 रुपये प्रति हरा धनिया 150- 300 रुपये प्रति किलो खीरा 40-50 रुपये प्रति किलो लौकी 40-50 रुपये प्रति किलो आलू 35-40 रुपये प्रति किलो

### रेसीपी में केचअप व सॉस हुए शामिल

गृहणियां टमाटर की बजाए अब टोमेटो केचअप व टोमेटो सास का उपयोग किचन में कर रही हैं। इनका कहना है कि इससे टमाटर की कमी महसूस नहीं हो रही है। टमाटर सहित अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमत पर लगाम लगाने प्रशासन पहल नहीं कर रहा है। अदरक, धनिया, मिर्ची, गोभी सहित करेला सभी के दाम आसमान पर है।

# एक विधायक, एक पेंशन योजना लागू की जाए: आप



**जबलपुर।** आरटीआई विंग आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल को ईमेल कर एक विधायक, एक पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई है। विंग के प्रदेश अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में पूर्व विधायकों को लगभग 22 करोड़ रुपये प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है, कई विधायक ऐसे हैं जिन्हें एक से ज्यादा दो से आठ बार की पेंशन मिल रही है। प्रदेश में 250 से ज्यादा ऐसे विधायक हैं जिन्हें एक से ज्यादा पेंशन मिलती है। बताया गया कि प्रदेश पर 3,75,000 करोड़ से ज्यादा का कर्ज हो गया है, जिसके चलते सरकार ने तय किया है कि विधायक, मंत्री अपना आयकर स्वयं चुकाएंगे, सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है, वहीं यह उचित समय है जब एक विधायक एक पेंशन योजना लागू की जाए, जैसा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने किया है। इस समस्या पर प्रफुल्ल सक्सेना, संतोष वर्मा, राकेश चक्रवर्ती, गोपाल पारासर, बृजेश चतुर्वेदी, मयंक राज, अंकित गोस्वामी, सेवेन्द्र बर्मन आदि ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ईमेल भेजकर प्रदेश पर बढ़ते कर्ज को रोकने की मांग की है।

## जबलपुर डिव्हीजन इंश्योरेंस एम्प्लाईज यूनियन का 57वां वार्षिक अधिवेशन आज

**जबलपुर।** डिव्हीजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज यूनियन जबलपुर का 57वां वार्षिक अधिवेशन आज 06 जुलाई को मदन महल स्थित होटल बग्गा इन में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। यूनियन के महासचिव कामरेड हीरालाल कुशवाहा ने सभी साथियों से अपील की है कि अधिवेशन को सफल बनाने हेतु समय पर समा हाल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। सेन्ट्रल जोन इंश्योरेंश एम्प्लाईज ऐसोसिएशन के महासचिव कामरेड धर्मराज महापात्र मुख्य अतिथि होंगे। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक आरके यादव विशिष्ठ अतिथि होंगे। सम्मेलन में एलआईसी की देश के प्रति बेहतर कार्य प्रणाली और उसकी मजबूती के बारे चर्चा करेंगे। एलजाईसी ने अपनी कुशल कार्यफोर्स के बेहतर कार्यसेवा से विश्व में दसवें और देश में बीमा के क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया है।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड जिला संघ ने किया स्टॉप डायरिया डे का आयोजन



**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और यूनिसेफ के द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे क्लैप प्रोजेक्ट अंतर्गत हेल्दी लाइफ थीम के माध्यम से प्रदेश में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का आयोजन जो कि दिनांक 25 जून 2024 से 31 अगस्त 2024 तक किया जा रहा है के अंतर्गत भारत स्काउट्स एंड गाइड जिला संघ जबलपुर के द्वारा संपूर्ण जिले में स्टॉप डायरिया डे का आयोजन किया गया, जिसमें डायरिया मैनेजमेंट के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियां जैसे साबुन से हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन, स्वच्छ पेय जल एवं स्वच्छता पर परामर्श जैसे कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को हैंड वॉश स्टेप्स सिखाए गए और हैंडवॉश दिया गया, यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी, जिला सचिव देवेन्द्र कुमार भट्ट के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला संघ उपाध्यक्ष सोनल तिवारी, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, अंजना वर्मा, शुभांगी शर्मा, पूजा कोष्टा, ज्योति यादव, किरण येवले, रीना कोरी, पूजा श्रीवास, रिंकू शाह, आयुषी राठौर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जिला संघ जबलपुर के यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल आधारताल, यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल गोहलपुर, सेंट अलॉयसीएस रिमझा में आयोजित किया गया।



## मोहर्रम पर माकूल इंतजाम के लिए कलेक्टर से मिले कांग्रेस पार्षद दल

**जबलपुर।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि दो दिन बाद मोहर्रम का पर्व शुरु होने जा रहा है। जिसके लिये जल प्रकाश सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांगों के साथ गोहलपुर स्कूल को अंग्रेजी मीडियम का सीएम राईस स्कूल बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद दल जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना से मिला और अपनी बात रखी। जिस पर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना की ओर से तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने त्योहार के वक्त पर हो रही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की हड़ताल की तरफ भी ध्यान आकर्षित किया। इस हड़ताल के हो जाने से पूरे शहर में गंदगी और दुर्गन्ध का वातावरण बना हुआ है। इस मामले में वैकल्पिक व्यवस्था करने जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप करने की मांग की गयी। इस दौरान गुड्डू नबी उस्मानी, अख्तर अंसारी, वकील अंसारी, कलीम खान, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# केन्द्र के कर्मचारियों के समान प्रदेश के कर्मचारियों को भी दिया जाये मंहगाई भत्ता



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय के साथ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के नाम की पाती संभागीय आयुक्त जबलपुर के माध्यम से प्रेषित की गई। पाती में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन से मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना का लाभ कर्मचारियों को देने, केन्द्रीय कर्मचारियों के समान प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, शहरी भत्ता का लाभ देने, अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु एक समान करने, शैक्षणिक सत्र के बीच में अतिशेष के नाम पर शिक्षकों एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों को स्थानान्तरित न करने की मांग की गई है, क्योंकि अधिकारियों के स्थानान्तरण होने पर वेतन पत्रक तैयार नहीं किए जाते, जिससे प्रदेश शासन के आदेश के पश्चात भी समय पर वेतन नहीं हो पाता है। अधिकारी ट्रांसफर होने के कारण कार्य संपादित नहीं करते। मांग की गई है की वेतन पत्रक तैयार होने के पश्चात ही स्थानांतरित अधिकारी और कर्मचारियों को कार्य मुक्त किया जाये, साथ ही कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण का लाभ देने की मांग की गई है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, कर्मचारी कांग्रेस के संतोष मिश्रा, समयपाल अजुर्न सोमवंसी, शिक्षक कांग्रेस विश्वदीप पटेरिया, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ इंद्रप्रताप यादव, इंद्रपुरी गोस्वामी, योगेंद्र मिश्रा, ब्रजेंद्र मिश्रा, मनीष लोहिया, विनय नामदेव, सतीश उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा ज्ञापन में उपस्थित थे।




## शांतम प्रज्ञा आश्रम में स्वामी विवेकानंद को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर।**

अपनी तेजस्वी वाणी के जरिए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद की 122वीं पुण्यतिथि पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आश्रम के संचालक मुकेश कुमार सेन ने आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ितों को स्वामी विवेकानंद के महान जीवन के विषय में बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने अपनी आध्यात्मिक शक्ति से भारत की सनातन हिन्दू संस्कृति का प्रचार-प्रसार सारे विश्व में किया। वे रामकृष्ण मिशन के संस्थापक थे और उन्होंने वेदांत और योग के ज्ञान को पश्चिमी दुनिया में प्रसारित किया। अंत में सभी को स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई गई और सभी को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर मुकेश कुमार सेन, संतोष अहिरवार, अजय सोनी, मुकेश अहिरवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मापदंडों को ताक पर रखकर रादुविवि ने एक कमरे में संचालित हो रहे विधि महाविद्यालय को दी अनुमति

## महाकोशल लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन ने दस्तावेज प्रस्तुत कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की



**जबलपुर।** महाकोशल लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन ने 05 जुलाई को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध सेंट्रल इंडिया लॉ कॉलेज की मान्यता की जांच करने एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलसचिव, कुलपति द्वारा मापदंड पूर्ण किए बिना महाविद्यालय को संचालित करने की अनुमति देने के विरोध में विश्वविद्यालय कुलपति के नाम परीक्षा नियंत्रण को ज्ञापन सौंपा। एसोसिशन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कर सेंट्रल इंडिया लॉ कॉलेज संचालित किया जा रहा है, जो की रानीताल के पास वर्तमान में स्थित है जो की सिर्फ दो कमरे में संचालित हो रहा है, सत्र 2023-24 से हायर एजुकेशन द्वारा इसमें एडमिशन में भी रोक लगा दी गई है, किंतु सत्र 2021 का बैच अभी तक यहीं से संचालित हो रहा है, जब महाविद्यालय संचालित करने वाले नियमों का पालन करने में असमर्थ है तो विश्वविद्यालय ऐसे महाविद्यालय को क्यों संचालित करा रहा है, विश्वविद्यालय को वहां के पुराने छात्र- छात्राओं को दूसरे कॉलेज में ट्रांसफर करवाना था और महाविद्यालय के ऊपर कार्यवाही करना था, लेकिन कार्यवाही करने की वजह पूर्ण रूप से विश्वविद्यालय उनका साथ दे रहा है, क्योंकि सत्र 2021 बैच के छात्र सत्र मई जून 2024 की परीक्षा उसी महाविद्यालय से दे रहे हैं, जिनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मात्र दो कमरे में उनका कॉलेज चल रहा है, न टीचरों का पता है न अन्य स्टाफ का, न फर्नीचर, न वॉशरूम, और न ही अन्य कई वो सुविधाएं जो नियम अनुसार संचालित करने वाले महाविद्यालय के पास होती हैं। विगत लगभग 20 सालों से संचालित किये जा रहे इस कॉलेज में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय अनुचित तरीके से इनको मान्यता देकर कॉलेज को संचालित करा रहा है, यदि स्टूडेंट का रजिस्ट्रेशन स्टेट बार काउंसिल में नहीं होता है, तो इसकी जवाबदारी कौन लेगा? क्योंकि एलएलबी की प्रमुख संस्था बीसीआई ही है। एडमिशन एंड फीस रेगुलेटरी कमीशन मध्य प्रदेश की सूची में भी इनका नाम नहीं है, तो यह कॉलेज कैसे फीस वसूल कर रहा है? ऐसे कॉलेज को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालय के उन अधिकारियों के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाए एवं इस कॉलेज की भी पूर्ण जांच कर सख्त कर्यवाही की जाए जिसमें एसोसिशन ने महाविद्यालय से संबंधित दस्तावेज भी संगलन किया है, इस दौरान अंकुश चौधरी, मोहित प्यासी, अभिरूप चंसोरिया, पुनीत चौबे, पवन रैदास, सौरभ दुबे, एड. शुभम प्रजापति, शुभांशु सिंह, एड. देव जाट, सनी, मयंक झंकार, शोएब खान, प्रदीप सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मतगणना में लगे कर्मचारियों को दिया जाए मानदेय : मांग

### मतगणना में लगे लोकसेवक मानदेय के इंतजार में

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात मतगणना हुये एक माह हो गये हैं और मतगणना को सम्पन्न कराने में जो लोकसेवकों ने अपनी ड्यूटी दी थी, मतगणना में लगे उन अधिकारियों, कर्मचारियों को आज दिनांक तक मानदेय नहीं मिला है, जबकि मतगणना ड्यूटी में अपना कर्तव्य निर्वहन करने वाले सभी लोकसेवक मानदेय की बाट जोह रहे हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, आर.पी. खनाल, वसुमूद्दीन, नीलेश खरे, सुधीर अवधिया, अनूप दहाट, दीपेश जैन, महेन्द्र प्रधान, विनोद सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, एस.बी. रजक, अशोक परस्ते, योगेश ठाकरे, मकसूद अहमद कादरी इत्यादि ने कलेक्टर से मांग की है की जो लोकसेवकों ने मतगणना सम्पन्न कराने में अपनी ड्यूटी देकर अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया है उन्हें मानदेय अतिशीघ्र दिया जाए।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15710067L RANK HAV NAME SELVARAJ R S/O RENU UNIT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my FATHER, from name RENU and date of birth 01/07/1957 (name and date of birth as per my Army service records to name K RENU and date of birth 27/07/1962 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 05/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-K RENU
INCORRECT NAME-RENU
CORRECT DATE OF BIRTH-27/07/1962
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1957

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/60
दिनांक:- 24/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अशोक कुमार आगीचा (2) श्री जय कुमार आगीचा दोनो के पिता श्री कन्हैयालाल अगीचा ने पिन - 1002758412 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1510 व.फु. प्रथम तल 1510 व.फु. द्वितीय तल 1510 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15732090Y RANK-L/NK NAME UPADALA SURESH BHAI LAKHAMAN BHAI S/O LAKHAMAN BHAI OF UNIT MB AREA SIG COY, JABALPUR(M.P.), R/O MOTAHADMATIYA POST-MOTILAKHAVAD RAJKOT GUJARAT 360055. I state that in my Son, Aadhar card my Son Name (UPADALA RUDRA SURESH BHAI) which is true and correct but in my Army service Record my Son name is recorded RUDRA Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Son is UPADALA RUDRA SURESH BHAI and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME
UPADALA RUDRA SURESH BHAI
INCORRECT NAME-RUDRA

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15710067L RANK HAV NAME SELVARAJ R S/O RENU UNIT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER, from name SULOCHANA and date of birth 01/07/1962 (name and date of birth as per my Army service records to name SULOSANA and date of birth 01/01/1970 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 05/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SULOSANA
INCORRECT NAME-SULOCHANA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1970
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1962